राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 345
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 07 नवंबर 2025
मूल्य : 2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा प्राधिकरण-जीबीयू मिलकर बनाएंगे दो मार्डन सेंटर ऑफ
पेज 4 यातायात माह के तहत छात्रों को किया जागरूक, डग्गामार वाहनों
पेज 6 अभिषेक की निडर बल्लेबाजी पर युवराज बोले, गंभीर-सूर्यकुमार ने

## संक्षिप्त खबरें

### शिव नाडर फिर बने भारत के सबसे बड़े परोपकारी

**नई दिल्ली।** भारत की 191 धनी शख्सियतों ने पिछले साल 10,380 करोड़ रुपए दान दिए। एडलगिव-हुरुन इंडिया परोपकार सूची-2025 के मुताबिक, एचसीएल के संस्थापक शिव नाडर एक बार फिर देश के सबसे बड़े परोपकारी रहे हैं। पिछले साल रोजाना औसतन 7.4 करोड़ रुपए दान दिए। नाडर और परिवार 5 साल में चौथी बार सूची में शीर्ष पर रहा है। रिलायंस के मुकेश अंबानी दूसरे और बजाज ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। सूची में 24 महिलाएं हैं। महिलाओं में रोहिणी निलेकणी शीर्ष पर हैं। उन्होंने 204 करोड़ रुपए दान किए। दूसरे स्थान पर बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ ने 83 करोड़ रुपए दान किए।

### जम्मू-कश्मीर में नार्को-टेरर फंडिंग केस में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में पूर्व मंत्री बाबू सिंह के ठिकानों सहित कई जगहों पर नार्को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में छह और जम्मू में दो ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले मार्च 2022 में जम्मू कश्मीर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। मोहम्मद शरीफ शाह नाम के एक व्यक्ति को कश्मीर से जम्मू में जतिंदर सिंह उर्फ बाबू सिंह नामक व्यक्ति को 6.9 लाख रुपए हवाले के जरिए भेजते हुए पकड़ा गया था। उन्होंने कहा कि इस इस रकम का इस्तेमाल टेरर फंडिंग के रूप में किया जाना था।

# पहले फेज में 121 सीटों पर 64.46 प्रतिशत वोटिंग

**डिप्टी सीएम पर हमला, आरजेडी उम्मीदवार ने दरोगा को धमकाया, सीवान में बुर्के पर बवाल**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग खत्म हो गई है। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 64.46 फीसदी वोटिंग हुई है। 2020 चुनाव के पहले फेज में सिर्फ 55.68 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, हालांकि तब चुनाव 3 फेज में हुआ था और पहले फेज में 71 सीटें थीं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद गुंजियाल ने बताया कि, इस बार महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही। 400 से अधिक मतदान केंद्रों की रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

पहले फेज की वोटिंग खत्म होने के साथ ही 18 जिलों की 121 सीटों पर आज 1314 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। इनमें 104 सीटों पर सीधा मुकाबला है, जबकि 17 सीटों पर त्रिकोणीय लड़ाई है। बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं। 14 नंवबर को नतीजे आएंगे।

पहले फेज में 2 डिप्टी सीएम समेत 18 मंत्रियों की साख दांव पर है। 10 हॉट सीटें हैं। जिसमें तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, अनंत सिंह समेत कई बड़े चेहरे हैं।





### पहले फेज की 12 बड़ी घटनाएं

**लखीसराय :** डिप्टी सीएम की गाड़ी पर हमला हुआ। राजद एमएलसी अजय सिंह से भिड़े विजय सिन्हा।
**पटना :** मनेर में आईडी चेक करने पर आरजेडी उम्मीदवार भाई वीरेंद्र ने दरोगा को धमकाया। कहा- यहीं आग लगा देंगे।
**वैशाली :** आरजेडी उम्मीदवार रविंद कुमार सिंह के भड़काने पर लोगों ने सीएपीएफ जवानों पर पत्थर फेंके।
**दरभंगा :** सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में पोलिंग एजेंट को धमकी मिली।
**लखीसराय :** बूथ कैप्चरिंग की खबर सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर पथराव हुआ। 2 हिरासत में।
**सारण :** जैतपुर में मांझी सीट से सीपीआई प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार की गाड़ी पर ईंट-पत्थर, लाठी से हमले किए गए।
**लखीसराय :** बूथ कैप्चरिंग की खबर पर एसपी मौके पर पहुंचे। 1 घंटे पुलिस ने गांव में फ्लैग मार्च किया।
10 जिलों में ईवीएम में खराबी आई।
वैशाली के लालगंज में लगे वोट चोरी के नारे। इस दौरान मतदान भी रुका।
**पटना :** पटना साहिब के बूथ नंबर 238 पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मतदान कर्मियों की बहस हो गई।
सीवान, दरभंगा और मुजफ्फरपुर के 8 बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया है। सीवान, दरभंगा में सड़क की मांग थी। मुजफ्फरपुर में श्मशान की।
नालंदा के 3 बूथों पर एक भी वोट नहीं पड़ा।
**नालंदा :** बिहारशरीफ में मतदान के दौरान पुलिस ने 4 बीजेपी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि ये बूथ के पास पर्ची बांट रहे थे।
**मुंगेर :** नक्सल प्रभावित भीमबंद गांव में 20 साल बाद पहली बार हुआ मतदान।

**एकता मार्च**




जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकता मार्च में भाग लेते स्कूली छात्र।

## ममता बनर्जी ने एसआईआर फॉर्म लेने का दावा खारिज किया

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) फॉर्म स्वीकार करने के दावे को खारिज किया। उन्होंने कहा कि जब तक बंगाल का हर व्यक्ति फॉर्म नहीं भरता, तब तक वह ऐसा नहीं करेंगी।

तृणमूल कांग्रेस के मुखपत्र जागो बांग्ला समेत दूसरे मीडिया संस्थानों ने दावा किया था कि ममता ने स्थानीय बूथ स्तरीय अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से एसआईआर फॉर्म लिया था। सीएम ने फेसबुक पर लिखा- बीएलओ बुधवार को हमारे कालीघाट इलाके में आए थे और कुछ लोगों को एसआईआर फॉर्म दिया।

वह मेरे घर में बने ऑफिस में भी आए। उन्होंने परिसर में वोटर्स की संख्या के बारे में पूछताछ की और फॉर्म दिए।

## जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी, तापमान माइनस में

**गुलमर्ग बना व्हाइट वंडरलैंड; दिल्ली-यूपी समेत 7 राज्यों में ठंड बढ़ी, पारा 3 तक गिरा**

हिमालय के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड में बदल गया है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम भी बर्फ से ढंक गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल और स्पीति और किन्नौर, कुल्लू में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट हुई है। देशभर से लोग बर्फबारी का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। ताबो में पारा माइनस 2.2, कुकुमसेरी में माइनस 1.8 और केलांग में 0.4 दर्ज किया गया।

इधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में नजर आने लगा है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 3ए तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 3 दिन में ठंड जोर पकड़ लेगी।



**राजस्थान : तापमान 3 डिग्री तक गिरने की संभावना; सुबह-शाम ठंड बढ़ेगी**

उत्तर भारत से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के साथ ही राजस्थान में मौसम साफ हो गया।

**मध्य प्रदेश : अब बारिश नहीं, ठंड बढ़ेगी, रात में 2 से 3 डिग्री गिरेगा पारा**

पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। जिसका असर अगले 48 घंटे के अंदर एमपी में भी देखने को मिल जाएगा। उत्तरी हिस्से सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इस दौरान रात में पारा 2 से 3 डिग्री तक लुढ़केगा।

**पंजाब : 9 जिलों में बारिश की संभावना, दिन का तापमान 0.2 डिग्री गिरा**

पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद अब तापमान में गिरावट होने लगी है। आने वाले तीन दिनों में 5 डिग्री तक तापमान गिरने की संभावना है। नौ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। अलग-अलग स्थानों पर कोहरा छा सकता है।

## सट्टेबाजी केस में रैना-धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच

**ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया; सट्टेबाजी की कमाई प्रॉपर्टी-इन्वेस्टमेंट में लगाई**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच की।




जांच एजेंसी के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों ने ऑनलाइन बेटिंग एप 1×बेट के प्रमोशन से हुई कमाई का इस्तेमाल निवेश और संपत्ति खरीद में किया था। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानूनके तहत की गई। सोर्स के अनुसार, रैना का 6.64 करोड़ रुपए का म्यूचुअल फंड निवेश और धवन की 4.5 करोड़ रुपए की संपत्ति को अटैच किया गया है।

ईडी ऑफिशियल सोर्स ने न्यूज एजेंसी को बताया था कि इस संपत्ति को प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। सितंबर महीने में ईडी ने 1×बेट एप मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली एक्टर) से पूछताछ की थी। कुछ ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर्स से भी सवाल किए गए थे।

## जेएनयूएसयू इलेक्शन- सभी पदों पर लेफ्ट यूनिटी की जीत

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन यानी जेएनयूएसयू इलेक्शन का रिजल्ट घोषित हो गया है।

सभी चार पदों पर लेफ्ट यूनिटी की जीत हुई है। अदिति मिश्रा जेएनयूएसयू की नई प्रेसिडेंट बनी हैं।

वो एआईएसए (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) से लेफ्ट यूनिटी पैनल की उम्मीदवार थी।

वहीं, वाइस प्रेसिडेंट की पोस्ट पर एसएफआई की गोपिका बाबू, जनरल सेक्रेटरी के पद पर डीएसएफ के सुनील यादव और जॉइंट सेक्रेटरी पर एआईएसए की दानिश अली को जीत हासिल हुई है।

इस बार लेफ्ट की तीन पार्टियों एसएफआई, एआईएसए और एसएफआई ने मिलकर लेफ्ट अलायंस बनाया है।

लेफ्ट अलायंस की ओर से अदिति मिश्रा प्रेसिडेंट पद के लिए, किजाकूत गोपिका बाबू वाइस-प्रेसिडेंट के पद के लिए, सुनील यादव जनरल सेक्रेटरी और दानिश अली जॉइंट सेक्रेटरी के पद के लिए चुनाव में खड़े थे। इन सभी ने जीत दर्ज की।

### अरुणाचल के सैनिक स्कूल में 7वीं के स्टूडेंट का सुसाइड

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट सियांग जिले स्थित निगलोक सैनिक स्कूल में क्लास 7 वीं के स्टूडेंट की मौत के मामले में पीड़ित की बहन ताडू लूनिया ने सीनियर्स पर रैगिंग के आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर कहा कि 31 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे क्लास 10 वीं के आठ और क्लास 8 वीं के तीन छात्र जूनियर स्टूडेंट्स की डॉरमेट्री में घुसे। इसके बाद सीनियर्स ने क्लास 7 वीं के छात्रों को डराया-धमकाया और फिर उनके भाई को जबरदस्ती क्लास 10 वीं की डॉरमेट्री में ले गए।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-पुलिस गिरफ्तारी का कारण लिखित में दे

**ऐसी भाषा में दें जो समझ आए; नियम न मानने पर गिरफ्तारी-रिमांड अवैध**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जब भी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए तो पुलिस उसे लिखकर बताया कि उसे क्यों पकड़ा गया है और ये जानकारी उसे समझ आने वाली भाषा में दी जाए। अपराध या कानून कोई भी हो, यह नियम हर हालत में लागू होना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को गिरफ्तार करने से पहले या तुरंत बाद लिखित में कारण नहीं दिया गया तो सिर्फ इसी वजह से गिरफ्तारी रद्द नहीं होगी।



लेकिन यह जरूरी है कि गिरफ्तार व्यक्ति को लिखित जानकारी उचित समय के अंदर जरूर दी जाए।

या हर हाल में मजिस्ट्रेट के सामने रिमांड के लिए पेश करने से कम से कम दो घंटे पहले तक दे दी जाए। अगर यह नियम नहीं माना जाता तो गिरफ्तारी और उसके बाद मिलने वाली रिमांड दोनों अवैध माने जाएंगे और व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस फैसले की कॉपी सभी हाईकोर्ट और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजी जाए। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजे मसीह की बेंच ने जुलाई 2024 में मुंबई में हुए बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन हादसे से जुड़ा केस में ये फैसला सुनाया।

**बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस के आरोपी ने अपील की थी**

मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य के नाम से दर्ज बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस के आरोपी मिहिर राजेश शाह की सुप्रीम कोर्ट में अपील पर ये फैसला दिया गया है। उन्होंने कहा था कि उन्हें कानून के अनुसार लिखित कारण नहीं दिए गए, इसलिए गिरफ्तारी अवैध है।

हालांकि, बॉम्बे हाई कोर्ट ने माना था कि प्रक्रिया में गलती हुई थी, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए उसने गिरफ्तारी को सही ठहराया था।

**सड़क हादसा**

**आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर रोडवेज-टैंकर की टक्कर, 21 लोग घायल**

## हाथरस में सड़क हादसे में कंडक्टर सहित 4 लोगो की मौत

**सासनी।** हाथरस में आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर रोडवेज बस और दूध से भरे टैंकर की टक्कर में चार की मौत हो गई। जबकि 21 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। समामई के पास एक रोडवेज बस और टैंकर की टक्कर में सरकारी कंडक्टर सहित 4 की मौत हो गई, जबकि 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बस का शीशा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मामला सासनी थाना क्षेत्र के समामई के पास का है।




**जानिए पूरा मामला**

सासनी में आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर एक रोडवेज बस और दूध से भरे टैंकर की टक्कर की टक्कर हो गई। हादसे में करीब दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे, जिनमें से 20 को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं घटना में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों में काजल (17 वर्ष) पुत्री सलीम निवासी कटरा मलोई, अयान (8 वर्ष) पुत्र जाबिर निवासी कटरा मलोई, मगरार (8 वर्ष) पुत्र सोनू निवासी तिलोठी, महाराज सिंह (45 वर्ष) पुत्र सुखराम निवासी इगलास अड्डा हाथरस, सोनू (52 वर्ष) पुत्र रमेश चंद्र निवासी चावण मोहल्ला सासनी, कल्पना गुप्ता (31 वर्ष) पत्नी दीपक निवासी सासनी, आरब (4 वर्ष) पुत्र दीपक निवासी सासनी, योगेश (11 वर्ष) पुत्र बलजीत निवासी अलीगढ़, वीरपाल (16 वर्ष) पुत्र बलवीर निवासी हरदुआगंज, सुखवीर (25 वर्ष) पुत्र कालीचरण निवासी सासनी, खेमचंद्र चौहान (40 वर्ष) निवासी सादाबाद, प्रीति (26 वर्ष) निवासी सीकुर सासनी, गब्बर (4 वर्ष) निवासी सासनी, सागर (3 वर्ष) निवासी अलीगढ़, आशी (22 वर्ष) निवासी बिजलीघर सासनी, बबली (25 वर्ष) निवासी सासनी, कुलदीप (10 वर्ष) निवासी सासनी और एक अन्य लगभग 35 वर्षीय व्यक्ति शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कुछ और लोगों के घायल होने की भी आशंका है।

मृतक की पहचान कुलदीप(10) पुत्र ओमप्रकाश, निवासी तिलोठी थाना सासनी और महाराज सिंह(50) पुत्र सौदान सिंह, निवासी इगलास अड्डा, हाथरस के रूप में हुई है। वहीं, एक अन्य मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस की कमी देखी गई।

## मुंबई में मोनोरेल ट्रेन डिरेल होकर हवा में लटकी



**मुंबई।** मुंबई के वडाला डिपो में बुधवार सुबह एक मोनोरेल ट्रेन ट्रायल के दौरान डिरेल हो गई। ट्रेन का इंजन पटरी से उतरकर हवा में लटक गया। हादसे में ट्रेन कैप्टन समेत तीन कर्मचारी घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि ट्रेन का निचला ढांचा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मोनोरेल ऑपरेट करने वाली महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा कि ट्रेन खाली थी। उसमें कोई यात्री नहीं था। सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई, जब ट्रेन को एक गाइडवे बीम से दूसरे गाइडवे बीम पर ले जाया जा रहा था। बीम बदलने के दौरान ट्रेन फिसल गई और उनका इंजन दो बीम के बीच हवा में लटक गया। सोशल मीडिया पर हादसे की तस्वीरों और वीडियो में ट्रेन थोड़ी झुकी हुई भी दिखाई दी। शाम को एक भारी क्रेन की मदद से ट्रेन को पटरी से हटाया गया।



### हैप्पी मॉर्निंग


इंद्र भगवान- आपका स्वर्ग में स्वागत है, आशा है आप ने पृथ्वी पर अच्छा जीवन जिया होगा?
आदमी- वो तो सब ठीक है भगवन, पर जोड़ियां स्वर्ग में बनती हैं
वो वाला डिपार्टमेंट कौन हैंडल करता है?
उससे बात करनी है......



### शायरी

कुछ नहीं जब मिल सका तो भाव में बहने लगे
और चूहों की तरह ही दुम दबा भगने लगे

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,311.01
-148.14 (0.18%)
निफ्टी:
25,509.70
-87.95

### मौसम



अधिकतम : 27 डिग्री से0
न्यूनतम : 12 डिग्री से0
सूयोदय शनिवार : 6 : 38
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 43

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 07 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## ‘डरपोक युवा, बंटा समाज — और रुका हुआ भारत’



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### जब देश का युवा डरपोक हो गया

देश का युवा डरपोक हो गया है।
जिस उम्र में उसे प्रयोगशाला में प्रयोग करने चाहिए थे, वह अब मंदिरों और सोशल मीडिया की बहसों में उलझा बैठा है।
धर्म, जाति और पाखंड ने उसकी सोच को जकड़ लिया है — और आविष्कार के नाम पर उसके पास दिखाने को कुछ नहीं बचा।
वह जो दुनिया बदल सकता था, आज वही ‘ट्रेंडिंग हैशटैग’ में खो गया है।
नेता उसे प्रेरित नहीं करते — बल्कि भटकाते हैं, क्योंकि एक जागरूक और सवाल पूछने वाला युवा उनके लिए सबसे बड़ा ख़तरा है।

### राजनीति का नया जाल — धर्म, जाति और वंश

आज की राजनीति विकास नहीं, विभाजन का कारोबार बन चुकी है।
‘विकास’ अब सिर्फ़ भाषणों में होता है; ज़मीन पर और टीवी चैनलों पर सिर्फ़ हिंदू-मुस्लिम, अगड़े-पिछड़े और राष्ट्रभक्ति के नारे हैं।
मोदी की सरपरस्ती में लल्लन सिंह जैसे नेता लोकतंत्र को अपने निजी साम्राज्य में बदल चुके हैं।

### हर प्रांत में सत्ता की होड़ है —

पर कोई भी ‘भारत’ की दिशा में नहीं सोचता।
सत्ता का तंत्र जनता को बाँट कर ही जीतता है, इसलिए ‘बाँटो और राज करो’ की नीति आज भी उतनी ही जीवंत है जितनी औपनिवेशिक काल में थी।

### उत्तर प्रदेश — अपराध और विकास की दो तस्वीरें

**उत्तर प्रदेश में अपराध के आँकड़े अपनी कहानी खुद कहते हैं :**
- कुल अपराध (2023, एनसीआरबी रिपोर्ट) — लगभग 7.9 लाख मामले,
- महिलाओं के खिलाफ अपराध — 65,000 से अधिक, यानी देश के कुल मामलों का 15 प्रतिशत,
- अपराध दर — प्रति लाख जनसंख्या पर 335.3, जो राष्ट्रीय औसत 448.3 से कम है,

फिर भी यह ‘सुरक्षा’ नहीं, बल्कि ‘सहनशीलता’ की कहानी है।
गरीबी, बेरोज़गारी और राजनीतिक संरक्षण ने अपराध को सामाजिक स्वीकृति का रूप दे दिया है।
जब कोई सरकार ‘धर्म रक्षा’ या ‘अतीत गौरव’ की बात करती है, तो वह वर्तमान की ज़िम्मेदारी से भागती है।
उत्तर प्रदेश को अपराध-मुक्त बनाने के लिए पुलिस सुधार से ज़्यादा समाज सुधार की ज़रूरत है —
जहाँ शिक्षा, समानता और न्याय प्राथमिकता बनें।

### आर्थिक असमानता — विकास का झूठा चेहरा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार —
- भारत की प्रति व्यक्ति आय : 2,878 (2.4 लाख/वर्ष)
- अमेरिका की : 85,000,
- चीन की : 13,000,
- बांग्लादेश की भी : 2,940

यानी भारत के दावे और धरातल में जमीन-आसमान का अंतर है।
विकास का लाभ कुछ गिने-चुने वर्गों तक सीमित है, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्य आज भी राष्ट्रीय औसत से 40-45 प्रतिशत पीछे हैं।
दुनिया चाँद पर पहुँच गई, और हम अब भी जाति, धर्म और नेता-भक्ति के चक्रव्यूह में फँसे हैं।

### डर से मुक्ति ही असली विकास

जब तक भारत का युवा सवाल पूछने की हिम्मत नहीं करेगा,
जब तक वह धर्म और जाति के जाल से बाहर नहीं निकलेगा,
और जब तक वह ‘नौकरी’ नहीं बल्कि ‘नवाचार’ की ओर नहीं बढ़ेगा —
तब तक देश की प्रति व्यक्ति आय भी रुकी रहेगी और लोकतंत्र भी खोखला रहेगा।
राजनीति को डरपोक युवाओं की नहीं, जागरूक नागरिकों की ज़रूरत है।
वह युवा जो कहे —
‘मुझे मंदिर नहीं, प्रयोगशाला चाहिए।’
‘मुझे जाति नहीं, बराबरी चाहिए।’
‘मुझे भाषण नहीं, भविष्य चाहिए।’
तभी भारत सचमुच महाशक्ति बनेगा — शब्दों में नहीं, कर्मों में।

## बिना छात्र स्कूल

निस्संदेह, शिक्षा मंत्रालय की वह रिपोर्ट परेशान करने वाली है, जिसमें बताया गया है कि बीते शिक्षा सत्र में देश के आठ हजार सरकारी स्कूलों में किसी बच्चे ने दाखिला नहीं लिया। लेकिन विडंबना यह है कि इन स्कूलों में बीस हजार शिक्षक तैनात हैं। वहीं देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाएं चल रही हैं। वैसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तीस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी करके हर जगह विसंगतियां नजर आती हैं। यही वजह है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आठ हजार स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल में है। यह संख्या 3,812 है, जो बेहद चौंकाने वाली बात है। स्थिति का दूसरा परेशान करने वाला तथ्य यह है कि इसी राज्य के बिना दाखिले वाले स्कूलों में बाकायदा करीब अठारह हजार शिक्षक तैनात हैं। कमोबेश तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 2,245 स्कूल जीरो एडमिशन वाले हैं तथा एक हजार से ज्यादा शिक्षक यहां तैनात हैं। वहीं भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, जिसका स्थान इस सूची में तीसरा है, वहां 463 स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। बाकायदा 223 शिक्षक इन जीरो एडमिशन वाले स्कूलों में तैनात हैं। वैसे चौंकाने वाली बात यह है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में इस बार के मुकाबले पांच हजार स्कूल अधिक ऐसे थे, जहां कोई विद्यार्थी दाखिल नहीं हुआ था। एक विसंगति यह भी है कि स्कूली शिक्षा राज्य सरकारों के अधीन होती है, अतः केंद्र सरकार का दखल इसमें नहीं होता। लेकिन राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की नीतियों पर सवाल तो उठता ही है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे शून्य दाखिले की परंपरा रोकने के लिये यथासंभव प्रयास करते रहें। बहरहाल, यहां एक सवाल यह भी है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों के शिक्षक छात्रों को स्कूल में लाने के व्यक्तिगत प्रयास क्यों नहीं करते ? वैसे कुछ राज्यों के शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। जहां शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छात्रों की कम संख्या को देखते हुए उनका समायोजन अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में करके संतुलन साधने का प्रयास किया है। यहां हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ आदि के शिक्षा विभाग की सराहना करनी होगी, जहां एक भी स्कूल जीरो एडमिशन वाला नहीं था। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने राज्य भर के जीरो एडमिशन वाले 81 स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया आरंभ की। इसका मानक यह होगा कि जहां पिछले लगातार तीन शैक्षणिक वर्षों में कोई छात्र दाखिल न हुआ हो।

# अमीरी में अभिवृद्धि विद्रोह एवं संकट का बड़ा कारण

-ललित गर्ग-



विश्व अर्थव्यवस्था पर किए गए हालिया अध्ययन विशेषकर जी-20 पैनल की रिपोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि धन और संपत्ति के वितरण में असमानता अब चरम पर पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की नई बनी संपत्तियों का लगभग तिरेसठ प्रतिशत हिस्सा मात्र एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है जबकि निचले पचास प्रतिशत गरीब लोगों के हिस्से में केवल एक प्रतिशत संपत्ति आई है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक, सामाजिक और मानवीय संकट का भी संकेत है। यह स्थिति एक आदर्श विश्व संरचना के लिये भी बड़ी बाधा है। यह ऐसी त्रासद, विद्रोहपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है जिसमें एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता रूकने का नाम नहीं ले रही है, इससे एक बड़ी आबादी में विद्रोह एवं क्रांति के स्वर उभर रहे हैं।

सन् 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, मानवता की दिशा के संकेत हैं कि हम प्रगति के नाम पर असंतुलन का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। जो विद्रोह का कारण बन रहा है, हिंसा एवं अलगाव का भी कारण बन रहा है।

जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब अभाव, तंगी एवं जहालत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट बताती है कि देश के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का लगभग सतहत्तर प्रतिशत हिस्सा है जबकि निचले साठ प्रतिशत लोगों के हिस्से में मात्र 4.7 प्रतिशत संपत्ति आती है। बीते दशक में अरबपतियों की संख्या दोगुनी हो गई लेकिन मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग की आमदनी स्थिर रही या घटी। एक ओर महानगरों में गगनचुंबी इमारतें, विलासिता और अति उपभोग की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर गाँवों और झुग्गियों में रोटी और दवा के लिए संघर्षरत लोग हैं। यही विरोधाभास हमारी विकास यात्रा का सबसे बड़ा प्रश्न बन गया है।

निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी आश्चर्यकारी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। करीब 25 करोड़ लोगों को गरीब से बाहर लाया गया है। इस साल की शुरुआत में, विश्व बैंक ने भी बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। मोदी सरकार के जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने करोडों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। फिर भी देश में धन-संपत्ति की असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि असंतोष और हिंसा की जड़ है। जब परिश्रमी व्यक्ति को उसका उचित मूल्य नहीं मिलता, जब समाज में अवसर और सम्मान का समान वितरण नहीं होता, तब भीतर आक्रोश और विद्रोह जन्म लेता है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी ने कहा है कि जब पूंजी की आय दर आर्थिक वृद्धि दर से अधिक हो जाती है, तब समाज में असमानता बढ़ती है और लोकतंत्र की जड़ें हिल जाती हैं। आज यही हो रहा है। आर्थिक असंतुलन से सामाजिक असंतुलन उपज रहा है, अविश्वास और द्वेष का वातावरण बन रहा है।


कोरोना महामारी ने इस असमानता को और गहरा किया। जब करोड़ों लोग बेरोजगार और निर्धन हो गए, तब कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों और कंपनियों की संपत्ति कई गुना बढ़ गई। इसका अर्थ यह है कि संकट भी अब वर्ग विशेष के लिए अवसर बन गया है। युद्धों, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई ने गरीब देशों की स्थिति को और भी कठिन बना दिया। अमीर देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इन संकटों से भी मुनाफा कमाया जबकि विकासशील देशों में भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता घटती गई। विकास का अर्थ हमने केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तक सीमित कर दिया है। समाज में नैतिकता, समानता, सहानुभूति और पर्यावरणीय न्याय जैसे तत्व विकास की परिभाषा से गायब हो गए हैं।

अमीर देशों की कंपनियां गरीब देशों के संसाधनों का दोहन करती हैं, और गरीब देशों के श्रमिक उनके उत्पादन का आधार बन जाते हैं। यह एक नया आर्थिक उपनिवेशवाद है, जहां अब सत्ता नहीं, पूंजी शासन करती है। गरीबी उन्मूलन की तस्वीर को केवल संख्याएं ही पूरी तरह नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव भी नजर आना चाहिए, आम जीवनस्तर उन्नत होता हुआ भी दिखना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है। यह पहल ही नये भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है।

गरीबी-अमीरी के असंतुलन की स्थिति से निकलने का एक ही मार्ग है- धन का न्यायपूर्ण पुनर्वितरण, समान अवसर और समाजोपयोगी नीति। कर व्यवस्था ऐसी हो जो अमीरों से अधिक कर लेकर गरीबों की शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को सुदृढ़ करे। अवसरों की समानता तभी संभव है जब शिक्षा और स्वास्थ्य सभी के लिए समान रूप से सुलभ हों। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है ताकि नीति पूंजी के लिए नहीं, नागरिक के लिए बने। परंतु केवल नीतियों से नहीं, दृष्टि से परिवर्तन आएगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-गरीब पापी नहीं, जीवित देवता हैं। उनकी सेवा ही ईश्वर की सेवा है। दूसरी बड़ी बात है कि जब कुछ लोग सब कुछ पा लेते हैं, तो बाकी सब कुछ खो देते हैं। इसलिये सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहल करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक, समता एवं सतुलन के दृश्य स्थापित किये जा सकते हैं। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3702




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3701 का हल



## हंसी के फूव्वारें

राज (हरीश से ), “सुनाओ दोस्त क्या हाल है?”

हरीश, “बहुत बुरा हाल है. सब साथ छोड़ गए है एक बीवी थी वह भी कटी पतंग की तरह आसमान में कहीं उड़ती फिरती है, तुम अपना हाल सुनाओ.”

राज, “मैं तो बड़े मजे में हूं. आजकल कटी पतंगें लूटना ही मेरा काम है, आराम से गुजर रही है.”

□ □ □

एक मशहूर क्रिकेटर का विवाह हुआ. विवाह के कुछ दिन उपरांत वह अपनी ससुराल गया तो उलकी साली शोखी से बोली, “जीजा जी, दीदी कैसी लगी?”

क्रिकेटर बड़ी गंभीर आवाज में बोला, “मीडियम फास्ट.”


□ □ □

विजय लक्ष्मी (शारदा से), “मेरी बेटी का संगीत अभ्यास मेरे लिए बहुत भाग्यशाली साबित हुआ?” शारदा, “वह कैसे.”

विजय लक्ष्मी, “मेरा पड़ोसी इसी कारण अपना मकान आधे दामों पर बेच गया और मैंने खरीद लिया.”

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3702



**बायें से दायें:-**

१. ‘तुम बिन जीवन कैसे’ गीतवाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
३. सनीदेओल, सुष्मिता सेन की ‘कोई देख रहा’ गीत वाली फिल्म-२
५. अमिताभ, मौसमी की ‘यारा ओ यारा’ गीत वाली फिल्म-३
७. फिल्म ‘सीता और गीता’ में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
९. सनीदेओल, जयाप्रदा की ‘चूड़े वाली छमिया’ गीत वाली फिल्म-३
१०. ‘हम तो तंबू में बंबू’ गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
११. फिल्म ‘गॉड मदर’ में शीर्षक भूमिका किसने की थी-३
१३. फिल्म ‘अनमोल मोती’ में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-३
१७. अमिताभ बच्चन, ऋषिकपूर, राखी, वहीदा, नसीम की ‘प्यार कर लिया तो क्या’ गीत वाली फिल्म-२,२
१९. ‘खुश रहो हर खुशी है’ गीत वाली जीतेंद्र, राजश्री की फिल्म-५
२०. राजेंद्रकुमार, मालासिन्हा की ‘बाँसुरी बजाय के’ गीत वाली फिल्म-२
२१. ‘मेरे बिछड़े साथी’ गीत वाली सुनीलदत्त, आशापारेख की फिल्म-३
२२. राजेश, सुलक्षणा की ‘इन आँखों को आशिक’ गीत वाली फिल्म-२
२६. ‘जब जब बहार आई’ गीत वाली भारत भूषण, शालिनी की फिल्म-४
२९. सनी देओल, अनिल कपूर, किमी काटकर की ‘गली से मेरा यार गुजरा’ गीत वाली फिल्म-४
३१. फिल्म ‘पहला पहला प्यार’ में ऋषि कपूर के साथ नायिका कौन थी-२
३२. ‘मेरे दिल में मची है तबाही’ गीत वाली फिल्म-३
३३. ‘माँ तुझे सलाम’ में अलबक्श की भूमिका किसने की है-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. मेघना गुलजार की फिल्म ‘फिलहाल’ के संगीत निर्देशक-२,३
२. फिल्म ‘साया’ की नायिका कौन है-२
४. फिल्म ‘स्टम्प्ड’ की निर्मात्री एवं नायिका कौन हैं-३
५. ‘तेरी तसवीर मिल गई’ गीत वाली सनी, अमृता सिंह की फिल्म-३
६. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की ‘छुपा लो यूँ दिल में’ गीत वाली फिल्म-३
१२. ‘ऐसी रंग दे पिया’ गीत वाली फिल्म-२
१४. फिल्म ‘ताजमहल’ में प्रदीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-२,२
१५. विकास भल्ला, का काजोल की ‘हुन हुना रे हुन’ गीत वाली फिल्म-३
१६. ‘ओ नाम रे सबसे’ गीत वाली अमिताभ, शशि, रेखा की फिल्म-३
१८. अशोक कुमार, मीना की ‘दिल जो ना कह सका’ गीत वाली फिल्म-२,२
१९. ‘क्या हुआ अरे’ गीत वाली संजीव कुमार, परीक्षित, शबाना की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, सायरा बानो की ‘आज की रात नया चाँद’ गीत वाली फिल्म-२
२४. ‘गोरी तेरा गाँव बड़ा’ गीत वाली फिल्म-४
२५. बॉबी, अक्षय, अमीषा की ‘प्यार कर इकरार’ गीत वाली फिल्म-४
२७. फिल्म ‘तलाश’ में अक्षय के साथ नायिका कौन है-३
२८. ‘अंखियाँ मिलाके जिया भरमाके’ गीत वाली स्वर्णलता की एक हिट फिल्म-३
३०. फिल्म ‘कोशिश’ में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3701



## सूडोकु -3702

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3701 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 3702




**बाएँ से दाएँ**

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -3701 का हल



# नोएडा प्राधिकरण-जीबीयू मिलकर बनाएंगे दो मार्डन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## सेमीकंडक्टर चिप और कैंसर की दवाओं पर होगी रिसर्च

**नोएडा।** एनसीआर क्षेत्र को एडवांस रिसर्च डेवलेपमेंट के क्षेत्र में प्रमुख केंद्र बनाने के लिए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस क्रम में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की हाइलेवल कमेटी ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम से मुलाकात की।




जिसमें दोनों संस्थानों के बीच दो मेजर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने पर सहमति बनी। जल्द ही दोनों संस्थानों के बीच एक एमओयू भी साइन किया जाएगा।

### जीबीयू में बनेंगे दो सेंटर

इसके लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय परिसर में दो मेजर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे। जिसमें पहला सेंटर फॉर सेमिकॉन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी होगा।

यह केंद्र सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में मॉडर्न रिसर्च और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। जिससे भारत की सेमिकॉन नीति को रफ्तार मिलेगी। दूसरा सेंटर फॉर ड्रग डिस्कवरी एंड डेवलपमेंट होगा। यह केंद्र जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कैंसर उपचार और नई दवाओं के विकास पर केंद्रित रहेगा।

इस साझेदारी से न केवल नोएडा और जीबीयू क्षेत्र में रिसर्च का स्तर ऊंचा होगा, बल्कि यह पहल उच्च कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर भी देगा। बैठक में जीबीयू की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी, डीन, प्रो. राजीव वार्ष्णेय, डॉ. एस. धनलक्ष्मी, डॉ. रेखा पुरिया डॉ. विदुषी शर्मा और डॉ. मंगल दास शामिल रहे।

### जल्द तय होगा वित्तीय मॉडल

दोनों संस्थानों ने सहमति जताई कि आगे की बैठकों में इन केंद्रों के लिए वित्तीय मॉडल, साझेदारी ढांचा और राजस्व स्ट्रक्चर पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। ताकि परियोजना को जल्द बनाया जा सके। इस सहयोग से नोएडा को देश का एक अग्रणी रिसर्च एंड डेवलपमेंट हब बनाने की दिशा में नई गति मिलेगी। ये उद्योग, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेगा।

## आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में अपर जिला जज/सचिव(पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13/12/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषत: आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे।

# ग्रेनो : घर में घुसकर मारपीट

## बिग बॉस फेम मृदुल तिवारी के साथी नन्दू भी शामिल



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में जमीनी विवाद को लेकर एक घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें बिग बॉस फेम मृदुल तिवारी के साथी नंदू गुर्जर भी मारपीट में दिखाई दे रहे हैं।

सूरजपुर थाना क्षेत्र के लखनावली गांव निवासी देव नागर ने पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि जब वह अपने घर पर बैठे थे, तभी श्यामवीर, नंदू, राजेश और कई अन्य लोग उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और पिस्तौल की बट से देव नागर और उनके भाई पर हमला किया, जिससे वे घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने बना लिया, जिसमें साफ दिख रहा है कि कुछ लोग बेरहमी से मारपीट कर रहे हैं। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

सूरजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट के आरोपी श्याम वीर और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पक्षों के बीच किसी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, और उसी जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में यह मारपीट हुई।

# ग्रेटर नोएडा में सड़क किनारे दिखा 10 फीट लंबा अजगर

## राहगीरों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में सड़क किनारे एक 10 फीट लंबा अजगर दिखने से अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने अजगर को देखकर रोक लिया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में कुछ युवाओं ने मिलकर अजगर को पकड़ा और वन विभाग को सौंप दिया।

यह घटना प्यावाली-बिसाहाडा रोड पर हुई। अजगर को सड़क किनारे देखकर लोग डर गए और वहां से गुजर रहे कई वाहन चालक भी रुक गए। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान, एक बाइक सवार युवक ने अजगर को पकड़ने की बात कही। उसके साथ कुछ अन्य युवा भी आगे आए और उन्होंने मिलकर अजगर को काबू कर लिया। एक युवक ने अजगर को मुंह की तरफ से पकड़ा और उसे एक बोरे में सुरक्षित बंद कर दिया। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को अपने कब्जे में ले लिया। टीम ने अजगर को ले जाकर किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है।

# नोएडा में नाले में मिली महिला की सिर-हाथ कटी लाश

## पुलिस ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, खंगाले जा रहे सीसीटीवी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-82 कट के पास नाले में एक महिला की लाश मिली। महिला का सिर और हाथ कटे थे। शरीर पर पीले रंग का सूट सलवार था। राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। महिला की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि आसपास के जनपदों में गुमशुदगी की जानकारी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे है। महिला का शिनाख्त हो इसके लिए तीन टीम लगाई गई है।



सेक्टर-82 कट के पास एक महिला का शव तैरते हुए मिला। प्राथमिक जांच में सामने आया कि महिला की उम्र 30 से 35 साल की है। शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। बॉडी डिजाल्व होने की वजह से पानी के ऊपर आ गई।

वहां से गुजर रहे लोगों ने बताया कि बदबू तेज आने की वजह से नीचे झांककर देखा तो महिला का शव दिखा। पुलिस को सूचना दी गई। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने शव को नाले से निकाला कवर किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शव के शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हत्या कर किया गया डंप

आशंका है कि महिला की हत्या की गई। शिनाख्त मिटाने के लिए उसका सिर और हाथ काटे गए और शव को यहां डंप किया गया। सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज से जानकारी की जा रही है।

महिला को यहां कैसे लाया गया। ऐसा भी है कि महिला का कही और मारा गया यहां लाकर नाले में फेंका गया। प्राथमिकता के आधार पर महिला की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि हत्यारोपी को पकड़ा जा सके।

### सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है

सड़क पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के जरिए फुटेज देखी जा रही है। इसके लिए इंटिग्रेटेड सिक्यूरिटी मैनेजमेंट सिस्टम की मदद भी ली जा रही है। इससे घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने निकलवाए है। ताकि ये पता चल सके कि डेड बॉडी यहां कैसे आई।

# नोएडा में पीएनजी लाइन लीक होने से आग

## जेसीबी की खुदाई से लीक हुआ था पाइप, सप्लाई बंद कर दमकल ने बुझाई आग

**नोएडा।** सेक्टर 58 के सामने जेसीबी खुदाई के दौरान पीएनजी गैस पाइप लाइन में लीकेज होने से आग लग गई। आग की लपटे दो से तीन फीट की ऊंचाई को छू रही थी।

घटना की सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई। इसके बाद आईजीएल की टीम को बुलवाकर गैस पाइप लाइन की सप्लाई को बंद करवाया गया। इसके बाद टीम ने आग पर काबू पाया। घटना में कोई चोटिल और घायल नहीं हुआ लेकिन इस तरह के हादसों से गैस पाइप लाइन को लेकर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। हालांकि घटनास्थल पर कोई वाहन नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि गुरुवार को सेक्टर 58 रोड किनारे आग लग गई। टीम दो फायर फाइटर गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची तो पता चला कि पीएनजी गैस पाइप लाइन में लीकेज है। आग की लपटे लगातार बढ़ रही थी। तत्काल आईजीएल की टीम को मौके पर बुलाया गया और गैस सप्लाई बंद कराई गई। जांच में सामने आया है कि एक जेसीबी से खुदाई की जा रही थी। इस वजह से पाइप लाइन में लीकेज हुआ। कंपनी कर्मचारियों ने उसे अनदेखा कर आगे बढ़ गए। तभी अचानक गैस निकलने से आग लग गई। जमीन से आग सटे होने की वजह से मौके पर लोगों की भीड़ इकठ्टा होने लगी और सड़क पर ट्रैफिक स्लो हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने आग को बढ़ता देख काबू करने की कोशिश किए लेकिन गैस लगातार निकल रही थी। इस वजह से लोग दूर हट गए। गनीमत यह रही कि गैस पाइप लाइन फटी नहीं। जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका थी। हालांकि घटना में कोई चोटिल और घायल नहीं हुआ है।

## सोसाइटी में एंट्री को लेकर मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की अजनारा होम्स सोसायटी में बुधवार रात एंट्री को लेकर गार्डों और कार सवार युवकों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र की अजनारा होम्स सोसायटी में हुई। बताया जा रहा है कि कुछ कार सवार युवक सोसाइटी में प्रवेश करना चाह रहे थे, लेकिन उनकी कार पर सोसाइटी का स्टीकर नहीं लगा था। गार्डों ने उन्हें गेट पर रोक दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई।

## नोएडा में 43 डेवलपर को नोटिस

**नोएडा।** बिल्डरों के पास बकाया जमा करने की डेडलाइन पूरी हो गई है। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि प्राधिकरण ने 43 बिल्डर परियोजनाओं के डेवलपर को रिमाइंडर नोटिस जारी किया है। शासन से बोर्ड मिनट्स आते ही इनसे राहत वापस ले ली जाएगी। इसके अलावा जिन बिल्डर परियोजनाओं के डेवलपर ने रुपए जमा नहीं किए है उनके खिलाफ आरसी जारी की जाएगी। दरअसल, अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत बिल्डर को राहत पैकेज दिया गया था। इसकी समय सीमा को पहले भी बढ़ाया गया था। प्राधिकरण चेयरमैन ने 31 अक्टूबर की लास्ट डेड दी थी। जिसकी मियाद पूरी हो चुकी है। प्राधिकरण ने बताया कि जिओ में बदलाव या राहत का वापस लेने का फैसला शासन स्तर पर ही होगा। ऐसे में बोर्ड मिनट्स आने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के तहत यूपी सरकार ने 21 दिसंबर 2023 को शासनादेश जारी किया था। इसके बाद प्राधिकरण ने पहले चरण में उन 57 बिल्डर परियोजनाओं को शामिल किया, जिनका किसी न्यायालय में मामला विचाराधीन नहीं था। मार्च-अप्रैल 2024 से बिल्डरों ने बकाया जमा करवाना शुरू कर दिया था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न




**गौतम बुद्ध नगर।** मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं निर्वाचन प्रक्रिया में सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों के पुन: संभाजन हेतु आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में माननीय सांसद, माननीय विधायकगण एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संभाजन प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया गया कि वर्तमान में जनपद की तीनों विधानसभाओं 61-नोएडा, 62-दादरी तथा 63-जेवर में कुल 642 मतदान केंद्र एवं 1868 मतदेय स्थल संचालित हैं।

1200 से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले स्थलों के आधार पर पुनर्गठन के अंतर्गत विधानसभा नोएडा में 43, दादरी में 60 तथा जेवर में 19 नए मतदेय स्थल जोड़े गए हैं, जबकि दादरी विधानसभा में 2 नए मतदान केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार, प्रस्तावित सूची के अनुसार जनपद में कुल 644 मतदान केंद्र एवं 1990 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। यह भी बताया गया कि 217 मतदेय स्थलों पर 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण इन स्थलों के मतदाताओं का पुन: समायोजन उसी मतदान केंद्र पर अवस्थित मतदेय स्थलों में किया गया है।

वर्तमान मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने संभाजन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 29 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2025 तक मतदेय स्थलों का भौतिक पुनर्निधारण एवं नये मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हांकन कार्य संपन्न किया गया।

# ग्रेटर नोएडा में डूब क्षेत्र पर प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

## अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, किसानों और निवासियों ने किया विरोध

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश पर गुरुवार को डूब क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने अवैध रूप से बन रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर कई निर्माण ध्वस्त कर दिए।



प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, भू-माफियाओं द्वारा डूब क्षेत्र की जमीन पर अवैध कॉलोनियां काटी गई थीं। इन प्लॉटों को बेचकर लोगों को वहां बसाया जा रहा था, जिससे बाढ़ आने की स्थिति में जनहानि का खतरा था। एनजीटी ने इस जमीन को खाली कराने के निर्देश दिए थे। जिन क्षेत्रों में लोगों ने घर बना लिए थे, उन्हें 15 दिन के भीतर खाली करने का नोटिस दिया गया था। आज करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई में कई अवैध निर्माण तोड़े गए। इस दौरान मौके पर भारी विरोध भी देखने को मिला। जिन लोगों ने यहां मकान बना लिए थे, उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया। उनके समर्थन में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता भी पहुंच गए, जिसके चलते पुलिस और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तत्काल बुलडोजर कार्रवाई रोकने की मांग की। उनका कहना था कि लोग यहां अपने घर बनाकर रह रहे हैं, इसलिए उन्हें पहले बसाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। वहीं, जिन निवासियों ने जीवन भर की जमा पूंजी से यहां प्लॉट खरीदे और मकान बनाए, उन्होंने सवाल उठाया कि अगर यह जमीन अवैध थी तो रजिस्ट्री और मकान निर्माण के समय प्राधिकरण या प्रशासन ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। निवासियों ने कहा कि अब अचानक उन्हें बेघर किया जा रहा है और उनके घरों पर बुलडोजर चलाना अन्याय है। इसी को लेकर लोगों ने मौके पर जोरदार प्रदर्शन किया।

## जमीन धोखाधड़ी मामले में 11 पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में जमीन धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गुरुवार शाम 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन पर एक व्यक्ति की पहले से बेची गई कृषि भूमि को हेराफेरी कर दोबारा बेचने का आरोप है। गाजियाबाद की सूर्य नगर कॉलोनी निवासी राजेश कुमार गोयल ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने वर्ष 2012 में फलैदा गांव निवासी सुखबीर से कृषि भूमि खरीदी थी। इस जमीन पर उन्होंने सरकारी कागजों में अपना नाम भी दर्ज करा लिया था।आरोप है कि सुखबीर की मृत्यु के बाद उनके भाइयों राजपाल, बुद्धा और हरिलाल ने राजस्व दस्तावेजों में हेराफेरी कर इस जमीन पर अपना नाम दर्ज करा लिया। यह जमीन सुखबीर द्वारा वर्ष 2012 में ही बेची जा चुकी थी। बाद में बुद्धा और हरिलाल की मृत्यु के उपरांत, उनके बेटों ने बतौर वारिस इस जमीन को अपने नाम करा लिया। इसके बाद, उन्होंने इसी जमीन के आधे हिस्से को एक अन्य व्यक्ति को बेच दिया।जब राजेश कुमार गोयल को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने रबूपुरा पुलिस से शिकायत की। हालांकि, पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसके आदेश पर अब सभी 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# आईआईएमटी कॉलेज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण समीक्षा बैठक संपन्न

**गौतम बुद्ध नगर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक चल रहे गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति कार्य की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम द्वारा आईआईएमटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में देर रात्रि आयोजित बैठक में की गई। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा संबंधित सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध प्रक्रिया है, इसलिए सभी अधिकारी गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या विलंब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यों की दैनिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी द्वारा अपेक्षित गति से कार्य नहीं किया गया तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बैठक में समीक्षा के दौरान विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले 93 बूथ लेवल अधिकारियों एवं 27 अनुपस्थित सुपरवाइजरों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

# शार्ट न्यूज

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कृषकों को प्याज के बीज का किया नि:शुल्क वितरण



**गौतमबुद्धनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के कार्यालय कक्ष में जनपद के कृषकों को मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजनांतर्गत उद्यान विभाग द्वारा प्याज के बीज का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी कृषकों को प्याज के बीज के पैकेट वितरित किए गए। सहायक जिला उद्यान निरीक्षक ऋृचा शर्मा ने बताया कि प्याज उत्पादन को बढ़ावा देने एवं किसानों की आमदनी में वृद्धि के उद्देश्य से यह वितरण किया जा रहा है। विभाग द्वारा कृषकों को उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध कराते हुए आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## श्रम विभाग द्वारा निर्माणाधीन प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण, सेवायोजकों को नोटिस जारी

**गौतमबुद्धनगर।** उप श्रमायुक्त, गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त सुयश पाण्डेय एवं डॉ0 एस0 पी0 सिंह के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों की टीम द्वारा आज निर्माणाधीन प्रतिष्ठानों मैसर्स डी0एल0एफ0 आई0टी0 पार्क, प्लॉट नं0-01, सेक्टर-143ए, नोएडा तथा मैसर्स मैक्स स्क्वायर, प्लॉट नं0-सी-3सी, सेक्टर-129, नोएडा का निरीक्षण/जांच विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत किया गया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स डी0एल0एफ0 आई0टी0 पार्क में 02 किशोर श्रमिक तथा मैसर्स मैक्स स्क्वायर में 04 किशोर श्रमिक नियोजित/कार्यरत पाए गए। साथ ही कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत नहीं पाया गया। उक्त प्रतिष्ठानों में संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, तथा बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम आदि के उल्लंघन पाए गए, जिसके संबंध में संबंधित सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, मैसर्स निटारा इंडिया प्रा0 लि0 के 11 श्रमिकों के अवशेष वेतन भुगतान के संबंध में प्रबंधन के साथ समझौता वार्ता कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप श्रमिकों को कुल 59,471/- की राशि का भुगतान उनके बैंक खातों के माध्यम से कराया गया।

## नोएडा के शॉप्रिक्स मॉल में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-61 स्थित शॉप्रिक्स मॉल में बुधवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग मॉल के प्रथम तल पर स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी। जैसे ही आग भड़की, फायर अलार्म बज गया और लोग तुरंत बाहर निकल आए। गार्ड ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर चार फायर टेंडर मौके पर पहुंचीं, जिन्होंने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की वजह से मॉल के अंदर घना धुआं भर गया था, जिसे वेंटिलेशन सिस्टम की मदद से बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और आग मॉल के अन्य हिस्सों तक नहीं फैली। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया-आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। आग फैलने न पाए इसके लिए पहले घेरा बनाकर पानी का छिड़काव किया गया और बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। बाद में मॉल की पूरी तलाशी ली गई, जिसमें कोई भी व्यक्ति अंदर फंसा नहीं मिला। आग की वजह से मॉल के अंदर घना धुआं भर गया था, जिसे वेंटिलेशन पाइप से बाहर निकाला गया। इसके बाद सप्लाई बहाल कर दी गई। हादसे में किसी की जान नहीं गई, हालांकि दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।

## अवैध निर्माण रोकने गई पुलिस से महिला की बहस

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी स्थित बालाजी एन्क्लेव में एक महिला की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण कार्य पर रोक के बावजूद महिला अपने फ्लैट में काम करवा रही थी और कॉमन एरिया में भी निर्माण सामग्री जमा कर रखी थी। स्थानीय निवासियों ने इस अवैध निर्माण का विरोध किया। इसके बाद महिला ने उनसे विवाद किया। इस बात को लेकर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचे और पुलिस ने महिला को समझने की कोशिश की लेकिन पुलिस टीम से भी महिला ने अभद्र भाषा में बात की और हंगामा किया। इसके बाद इसकी सूचना अथॉरिटी का अधिकारियों को दी गई जिसके बाद अथॉरिटी की टीम मौके पर पहुंची और अथॉरिटी के अधिकारियों ने तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया। पुलिस ने इस मामले में महिला और उसके पति के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो बुधवार का बताया जा रहा है।

## किसानों को 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने पर सहमति

**जेवर।** गुरुवार शाम को यमुना प्राधिकरण कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अनिल तालान के नेतृत्व में किसानों और प्राधिकरण अधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में वर्ष 2014 के 64.7 प्रतिशत मुआवजे और 10 प्रतिशत भूखंड आवंटन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला मीडिया प्रभारी सुमित नागर ने बताया कि प्राधिकरण ने किसानों को 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने पर सहमति व्यक्त की है। यह किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांगों में से एक थी। हालांकि, यमुना प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने 10 प्रतिशत भूखंड आवंटन की मांग को स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर दिया। उन्होंने इस संबंध में कोई भी भूखंड देने से इनकार किया। बैठक के दौरान, किसान यूनियन ने जेवर के दयानंतपुर प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2014 में चस्पा की गई किसानों की सूची को प्रमाण के तौर पर ओएसडी शैलेन्द्र सिंह को सौंपा। अधिकारियों ने इस प्रमाण पर संतोष व्यक्त किया। इस बैठक में यमुना प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह, ओएसडी शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। किसानों की ओर से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि उपस्थित थे। संगठन जिलाध्यक्ष रविंद्र नागर ने कहा कि किसान यूनियन किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक
4
उत्तरप्रदेश
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 07 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# यातायात माह के तहत छात्रों को किया जागरूक, डग्गामार वाहनों पर चली सख्ती

**पीलीभीत।** यातायात माह के अंतर्गत नत्था देवी स्मारक इंटर कॉलेज बीसलपुर रोड रूपपुर कृपा में यातायात पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, ओवरस्पीडिंग एवं ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का सदैव पालन करने की अपील की गई। यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि युवा वर्ग ही अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होता है, इसलिए ट्रैफिक नियमों को समझना और उनका पालन करना बेहद आवश्यक है।डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई, 83,500 रुपये शमन शुल्क इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना परमिट संचालित, अधिक सवारी ढोने वाले और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। टीम ने प्रमुख मार्गों, बस स्टैंडों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग करते हुए 14 डग्गामार वाहनों सहित कुल 70 वाहनों के चालान किए। इस दौरान कुल 83,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। साथ ही सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया और आम जनता को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।यातायात पुलिस ने कहा कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।



# संभल में स्कूल बस पर पथराव, तीन छात्र घायल

**संभल।** संभल में टूर से लौट रही छात्र-छात्राओं से भरी बस पर टीचर ने 15-20 लड़कों के साथ हमला कर दिया।
बस पर पत्थर फेंक गए। आरोप है लाठी-डंडों मारपीट की गई। हमले में बस के शीशे टूट गए। घटना में 3 छात्र भी घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी टीचर को हिरासत में लिया है। वहीं हमला करने वाले लड़के मौके से भाग गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। दरअसल, टीचर का एक छात्र से झगड़ा हो गया था। उसी ने अपने साथियों को मैसेज कर बुलाया और मारपीट की। स्कूल प्रिंसिपल की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।
मामला थाना असमोली क्षेत्र के गांव सेंधरी का है। 3 अक्टूबर को गांव हरथला के वीर सैनिक अब्दुल हमीद हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएं बस से आगरा और मथुरा-वृंदावन टूर पर गए थे। वृंदावन में दर्शनों के लिए लाइन में लगे हाईस्कूल के छात्र योगेश लोधी पुत्र टेकचंद और गांव सफातनगर निवासी टीचर नजम (23) के बीच कहासुनी हो गई थी।

## पुलिस ने राहवीर योजना के बारे में किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा ललितपुर रेलवे स्टेशन पर ऑटो/टैक्सी/ई रिक्शा चालकों एवं आम जनमानस को राहवीर योजना योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि राहवीर योजना केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक अभिनव पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए आम नागरिकों को समय पर सहायता प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित करना है। इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को दुर्घटना के बाद के गोल्डन आवर पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाना, ताकि समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बचाई जा सके, जो व्यक्ति किसी घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करता है, उसे सरकार द्वारा 25,000 की नकद प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। राहवीर का चयन जिला स्तर पर जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित एक समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी शामिल होते हैं। इस योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश से चुने गए 10 सबसे योग्य राह-वीरों को एक-एक लाख रुपए का अतिरिक्त पुरस्कार भी दिया जाता है।

## सहारनपुर में घरेलू विवाद में महिलाओं पर पथराव

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र के सढ़ौली हरिया गांव में गुरुवार को हंगामा मच गया। जमीन विवाद में पिता ने मां-बेटियों को छह दिन पहले घर से निकाल दिया था। समाजसेवी महिलाओं और ग्रामीणों ने उन्हें घर में दाखिल कराने की कोशिश की। तभी पिता छत पर चढ़ गया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। नीचे मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। जवाब में लोगों ने भी पत्थर फेंके तो माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस दौरान समाजसेवी कोमल गुर्जर घायल हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को शांत कराया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, भाई ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव, पुलिस ने दर्ज की तहरीर पर जांच शुरू की

**बीसलपुर।** गांव नौगवां नवीनगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।
बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव डड़िया भगत निवासी मुकेश कुमार पुत्र मेवाराम ने बताया कि उसकी बहन संगीता देवी की शादी वर्ष 2022 में नौगवां नवीनगर निवासी रामसिंह पुत्र तेजराम से हुई थी। शादी में पर्याप्त दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था और संगीता को प्रताड़ित किया जा रहा था।आरोप है कि पति रामसिंह, ससुर तेजराम, सास दुलारो देवी, देवर रामवीर और ननद रेखा ने मिलकर संगीता की पीट-पीटकर हत्या कर दी।
घटना की जानकारी मिलते ही सीओ प्रगति चौहान और प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# सीएचसी बीसलपुर में लापरवाही उजागर, मरीज ठंड में ठिठुरने को मजबूर

### अधीक्षक की अनदेखी से अस्पताल की स्थिति दयनीय, बैडों पर नहीं बिछी चादरें

**बीसलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बीसलपुर में अधीक्षक की लापरवाही से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रसव पीड़ा से ग्रस्त महिलाएं जब अस्पताल पहुंचती हैं, तो जच्चा-बच्चा दोनों को ठंड में बिना कंबल और चादर के रहना पड़ रहा है।अस्पताल के बैडों पर चादरें नहीं बिछी हैं, और कई प्रसूताएं ठंड से कांपती नजर आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से अधीक्षक डॉ. आलमगीर ने कार्यभार संभाला है, अस्पताल की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मरीजों को दवा वितरण में भी दिक्कतें आ रही हैं।
अस्पताल आने वाले गरीब और बेसहारा लोग उचित सुविधा न मिलने से नाराज हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से अधीक्षक की लापरवाही की जांच कराने और अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं बहाल करने की मांग की है।



## ट्रैक्टर ने दुकानदारों को रौंदा, 1 की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज के करछना इलाके के भडेवरा बाजार में गुरुवार शाम 7 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। शाम के समय सड़क किनारे लगी सब्जी मंडी में लोगों की अच्छी-खासी भीड़ थी। कोई सब्जी खरीद रहा था तो कोई अपने ठेले पर ग्राहकों को बुला रहा था। तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर बाजार की ओर बढ़ता दिखाई दिया और देखते ही देखते अनियंत्रित होकर सीधे सब्जी मंडी में घुस गया। ट्रैक्टर दुकानों, ठेलों और वहां मौजूद लोगों को रौंदता चला गया। कुछ ही पलों में बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, ठेले पलट गए, सब्जियों की टोकरी सड़क पर बिखर गई और कई लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार गूंज उठी। ट्रैक्टर कुछ दूरी तक भागा और फिर एक खंभे से टकराकर रुक गया। मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ आई। पुलिस को सूचना दी गई तो टीम ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा और हालात को नियंत्रित किया। अस्पताल ले जाते समय एक की मौत हो गई जबकि 3 लोग गंभीर घायल हो गए। गुरुवार शाम को हमेशा की तरह भडेवरा बाजार में सब्जियों की दुकानें सजी थीं।

## महिला के घर में घुसकर दो लाख रुपये लूट कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**पूरनपुर।** घर में घुसकर तमंचे के बल पर महिला के घर से दो लाख रुपये लूट लिए। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलहरी निवासी पिंकी तिवारी ने वताया कि पति बिहार में मजदूरी करता है। 15 मार्च 2025 को उनके जेठ ने नगर के सिरसा रोड पर स्थित बैंक ऑफ बडौदा में अपने खाता से ढ़ाई लाख रूपये का लोन निकलबाया था। जिसे निकलवाने के लिए एक युवक जेठ के साथ गया था। लोन के रूपये घर में ही रखे थे। चार अप्रेल 2025 को जेठ नीरज खेत की रखबाली करने गए थे। इसी दौरान समय करीब रात्रि दो बजे पीडिता व उसका नाबालिग पुत्र घर में अकेले थे। उसी दौरान अपना दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनी।जैसे ही महिला ने दरवाजा खोला तभी गांव का टिन्कू उर्फ सन्तकुमार,उसका भाई छुटक्कू उर्फ रविन्द्र,शिव कैलाश उर्फ छुन्नू पुत्रगण रामनरेश व राम नरेश पुत्र नन्द लाल घर में घुस आए और तमंचा दिखाते घर में रखे हुए दो लाख रुपये की नकदी लूट ली। विरोध करने पर आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। महिला ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही ना कर महिला को अश्वासन देकर गुमराह करती रही। इसके बाद महिला ने एसपी को पत्र दिया। लेकिन फिर भी कार्रवाई नही हुई।इस बाद महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सिद्धार्थनगर में पेट्रोल डालकर प्रेमी को जिंदा जलाया

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में एक युवक को उसकी शादीशुदा प्रेमिका के घरवालों ने पकड़कर जिंदा जला दिया। गोरखपुर के क्क्रष्ठ मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। वह प्रेमिका और उसके परिवार के बुलाने पर बुधवार की रात खाना खाने पहुंचा था। तभी वारदात को अंजाम दिया गया। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना खेसरहा थाना क्षेत्र के बरनवार गांव की है। बरनवार गांव निवासी कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडे का गांव की ही रहने वाली सुधा यादव से अफेयर था। दोनों पहले घर से फरार हो गए थे और दिवाली के समय वापस लौट आए। सुधा यादव की शादी 8 साल पहले जोगिया उदयपुर कोतवाली क्षेत्र के हाटा खास गांव में हुई थी।

# एसपी ने किया रक्तदान : राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर लोगों को किया प्रेरित

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पुलिस लाइन ललितपुर में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण, जनपद स्तरीय चिकित्सा विभाग के अधिकारी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं रक्तदान कर अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक महादान है और इससे न केवल किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि समाज में मानवता और एकता का संदेश भी प्रसारित होता है, उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर समाज में अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें। शिविर में संग्रहित किये गये रक्त को जिला अस्पताल, ललितपुर के रक्तकोष को उपलब्ध कराया गया। शिविर के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षकगण, आरक्षीगण, उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।



# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** यातायात माह में गुरुवार को यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। वाहन चालकों को रोककर यातायात के नियम बताए गए। पुलिस अधीक्षक, ललितपुर के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया ।अभियान के क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें । दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये ।शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये । चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की ।सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया । बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें । वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें । सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें ।
वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन आदि का प्रयोग न करें। ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन न चलाये । वाहन के साथ स्टंटबाजी करके न चलाये । अपने वाहन में हूटर/मोडिफाइड साईलेन्सर/मानक के विपरीत तीव्र ध्वनि वाले होर्न का प्रयोग न करें ।यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी, जिसमें। बिना हेल्मेट के वाहन चलाने वाले चालको का किये गये चालान की संख्या-67 बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालको का किये गये चालान की संख्या-07 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलाने वाले चालको का किये गये चालान की संख्या-11 फाल्टी नम्बर प्लेट पर किये गये चालान की संख्या-13 ब्लैक फिल्म वाले चालानों की संख्या-03 स्टंटबाजी करने वाले चालानो की संख्या-04 ड्रिंक ×ड्राइव वाले चालानो की संख्या-01।



## कानपुर में हिस्ट्रीशीटर ने 8 घंटे बंधक बनाकर पीटा

**कानपुर।** कानपुर में हिस्ट्रीशीटर का विरोध करने पर उसके गुर्गों ने युवक के साथ मारपीट की। 8 घंटे तक बंधक बनाकर उसे लगातार पीटते रहे। सीने में पैर रख कर उसका गला दबाया। इस दौरान युवक को उल्टियां हुई और वह बेहोश हो गया। आरोपी ने होश में लाकर उससे पूरे कमरे की साफ सफाई कराई। युवक से मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसके बाद पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मामले पर संज्ञान लिया। मामला बर्रा थाना क्षेत्र का है। गुरुवार को मारपीट से जुड़े 7 वीडियो सामने आए हैं। वीडियो में हिस्ट्रीशीटर अमर वर्मा के गुर्गे एक युवक को कमरे में बंधक बनाकर थप्पड़ जड़ते हुए नजर आ रहे है। जबकि सामने बैठा युवक उसका वीडियो बना रहा है। पीड़ित युवक जब कुछ बोलना चाहता है तो बदमाश उसे थप्पड़ मारकर धीमी आवाज में बोलने की हिदायत देता है। इसपर वीडियो बनाने वाला युवक उससे कहता है- पांडेय हट जा।

# ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें ।

# शार्ट न्यूज

## नवीन मंडी समिति में धान की तौल में लापरवाही, किसानों को करना पड़ रहा है इंतजार



**बीसलपुर।** नवीन मंडी समिति में धान की खरीद कार्य में केंद्र प्रभारियों की मनमानी और धीमी तौल व्यवस्था से किसान परेशान हैं। समिति में 37 क्रय केंद्र संचालित होने के बावजूद किसान अपनी उपज की तौल के लिए आठ-आठ दिन तक खुले आसमान के नीचे इंतजार करने को मजबूर हैं।किसानों का आरोप है कि मंडी सचिव की मिलीभगत से केंद्र प्रभारी किसानों का शोषण कर रहे हैं और धान की बिक्री आढ़तियों के माध्यम से कराई जा रही है। अधिकारियों के निरीक्षण के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।किसानों ने बताया कि जब वे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर मंडी समिति पहुंचते हैं, तो टोकन जारी होने में कई दिन लग जाते हैं। इसके बाद भी धान को सुखाने, पंखा लगाने और माउचर जांच जैसी औपचारिकताओं में समय बर्बाद किया जाता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी समिति में हो रहे अनियमित कार्यों की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि समय पर धान की खरीद और तौल सुनिश्चित हो सके।

## एई और दो जेई को कमरे में बंदकर पीटा

**उन्नाव।** उन्नाव में जिला पंचायत कार्यालय में गुरुवार दोपहर निर्माण कार्यों के भुगतान को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान एक सहायक अभियंता (एई) और दो कनिष्ठ अभियंताओं (जेई) को कमरे में बंद कर पीटा गया। चीख सुनकर अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर अफसरों को बचाया गया। इस दौरान आरोपी मौका पाकर दफ्तर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर लेकर फरार हो ग। तीनों अभियंता कोतवाली पहुंचे। अफसरों की शिकायत पर पुलिस ने प्रधान समेत 7 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस जांच कर रही है। जिला पंचायत कार्यालय में गुरुवार दोपहर कार्य अधिकारी राजभूषण पांडेय की अनुपस्थिति में उनके कक्ष में एई अभिषेक मल्ल, जेई आनंद नारायण और प्रदुम्य त्रिपाठी बैठे थे। इस दौरान लगभग 7 लोग अचानक कमरे में घुस आए। बताया जा रहा है कि ये लोग हिलौली और भगवंतनगर क्षेत्र में किए गए नालों और अन्य कार्यों के रुके हुए भुगतान को पास कराने की मांग कर रहे थे। जब जेई आनंद नारायण ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भुगतान से इनकार किया, तो विवाद बढ़ गया। गुस्साए लोगों ने पहले कहासुनी की, फिर कमरे का दरवाजा अंदर से बंदकर तीनों इंजीनियरों को पीटना शुरू कर दिया।

## मेरठ में पत्नी ने प्रेमी से कराई पति की हत्या

**मेरठ।** मेरठ में पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करा दी। दोनों की बीच डेढ़ से साल से अफेयर चल रहा था। पति को पता चलने के बाद से वह झगड़ा कर रहा था। इसके बाद पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति के मर्डर की प्लानिंग की। प्रेमी ने पति को 3 गोलियां मारीं। पति के मरने के बाद पत्नी को फोन कर कहा- अंजलि, मैंने काम खत्म कर दिया है। इसके बाद लाश छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गुरुवार को हत्याकांड का खुलासा कर दिया। आरोपी पत्नी अंजलि और उसके प्रेमी अजय को अरेस्ट कर जेल भेज दिया। घटना परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र की है। राहुल कुमार अगवानपुर का रहने वाला था। पिता टेकचंद ने बताया- राहुल मेरा इकलौता बेटा था। उसकी शादी हो चुकी थी। उसके तीन बेटे (वंश, लक्की और लवी) हैं। घर में ट्रैक्टर है और 6 बीघा जमीन है। उसकी अपनी गाड़ी भी थी। 1 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह किसी से मिलने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक जब राहुल नहीं लौटा, तो हमने उसके मोबाइल पर कॉल की, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद उसके साथियों से संपर्क किया, आसपास राहुल की खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

## संभल में जमीन विवाद पर दो गुटों में मारपीट

**संभल।** संभल में गंगा किनारे की खाली पड़ी जमीन जोतने को लेकर तीन गांवों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में पथराव और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें कुल 12 लोग घायल हो गए। इनमें से पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना जनपद संभल की तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव खिरकबारी टप्पा वैश्य के जंगल में गुरुवार शाम करीब 04: 30 बजे हुई। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद कहासुनी ने मारपीट और पथराव का रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बवाल कर रहे दोनों गुटों के लोगों को खदेड़ दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घायलों में गांव संतनगर निवासी अंतराम (60), तोताराम (30), राजेश (25), हीरा सिंह (18) शामिल हैं। इसके अलावा, गांव रामनगर टप्पा वैश्य निवासी रामदास (55), भगवान दास (50) और गांव खिरकबारी निवासी भुवनेश कुमार (18), दानवीर (22), बबलू (30), अनेक सिंह (58), दीपक कुमार (21), राजेश (19) और संकित कुमार (20) भी घायल हुए हैं।

## पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के थाना पुरकाजी पुलिस ने गंगा स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं पर हुए हमले के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में तीन लोग गोली लगने से घायल हो गए थे, जबकि एक व्यक्ति मारपीट में जख्मी हुआ था। यह घटना 5 नवंबर की है। शुक्रताल मेले से वापस लौट रहे उत्तराखंड के बूढपुर जट और मोहम्मदपुर गांव के लोगों के बीच रास्ते में ट्रॉली की साइड को लेकर विवाद शुरू हुआ था। विवाद बढ़ते-बढ़ते कम्हैड़ा पुल तक पहुंच गया, जहां दोनों पक्षों में दोबारा भिड़ंत हुई। इस दौरान बूढपुर जट के युवकों ने अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी। सूचना मिलने पर पुरकाजी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाकर मामला दर्ज किया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने गुरुवार को इस मामले में सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बूढपुर बॉर्डर से पहले नहर पटरी स्थित शराब ठेके के पास से तीनों आरोपी—हर्षित, विकास और राहुल—को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से तीन अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस अब इस मामले में फरार चल रहे अन्य अभियुक्तों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

## आजमगढ़ में दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के एसएसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने डॉक्टर से रंगदारी मांगने के मामले में अहिरौला थाना क्षेत्र के माहुल के चौकी चार्ज सुधीर कुमार सिंह और आरक्षी अंचल सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। 1 नवंबर को माहुल में डॉक्टर वीरेंद्र प्रजापति पर हमला किया गया था। डॉ वीरेंद्र प्रजापति बदमाशों के हमले में घायल हो गए थे और यह घटना पुलिस चौकी से मात्र कुछ ही दूरी पर हुई थी। घायल डॉक्टर बदमाशों से लड़ रहे थे। और बदमाशों के हथियार को छीन भी लिया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने असलहे को अपने कब्जे में लेने के बजाय डॉक्टर को अकेले ही इलाज के लिए भेज दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया था। ऐसे में डॉक्टर पर हमले के मामले में चौकी प्रभारी माहुल सुधीर कुमार सिंह द्वारा घटना में लापरवाही बरती गई। मामले की शिकायत मिलने के बाद इस मामले की जांच कराई गई तो जांच में चौकी इंचार्ज और आरक्षी दोषी पाए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के लुइसविले में मालवाहक जहाज दुर्घटनाग्रस्त, सात की मौत कई अन्य घायल; खाली कराया गया इलाका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के केंटकी में एक कार्गो विमान (मालवाहक जहाज) क्रैश हो गया है। अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि कार्गो विमान मंगलवार शाम को लुइसविले के मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए ने बताया कि हादसे का शिकार हुआ विमान मैकडॉनेल डगलस एमडी-11 था। विमान लुइसविले से होनुलुलु जा रहा था। एफएए और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के अधिकारियों को हादसे की जगह तैनात किया गया है। केंटकी के गवर्नर एंडी बेशर ने बताया कि विमान हादसे में सात लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। घायलों की स्थिति को देखते हुए मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मरने वालों में तीन क्रू सदस्य और चार अन्य लोग शामिल हैं। हादसा जिस जगह हुआ, वहां पेट्रोलियम संशोधन कंपनी का परिसर है। हादसे के बाद आग अभी भी लगी हुई है, जिसे बुझाने की कोशिशें जारी हैं। प्रशासन ने आसपास के लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर जाने की अपील की और साथ ही लोगों से हादसे वाली जगह से दूर रहने की भी अपील की। हादसे के बाद लुइसविले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया और सभी उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसे का शिकार हुआ विमान यूपीएस (यूनाइटेड पार्सल सर्विस) द्वारा संचालित किया जा रहा था। मैकडॉनेल डगलस कंपनी ने इस विमान का निर्माण किया था, बाद मैकडॉनेल डगलस कंपनी का बोइंग ने अधिग्रहण कर लिया था। हादसे का शिकार हुआ विमान 34 साल पुराना था। पहले ये विमान थाई एयरवेज के पास था, लेकिन साल 2006 में यूपीएस ने इसे खरीद लिया था। अधिकारी हादसे की जांच में जुटे हैं। अमेरिका के परिवहन सचिव सीन डफी ने सोशल मीडिया पर हादसे की वीडियो साझा की है और लिखा कि हादसे की डरावने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं।

### अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर में 16वीं बार की ड्रग तस्करों पर स्ट्राइक, दो की मौत; सैन्य तैनाती बढ़ाई

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को एक और ड्रग तस्करी में शामिल नाव पर घातक हमले की घोषणा की। यह हमला पूर्वी प्रशांत महासागर में हुआ, जिसमें नाव पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह ट्रंप प्रशासन की ड्रग तस्करी विरोधी अभियान की 16वीं बड़ी कार्रवाई है। अब तक इन हमलों में कम से कम 66 लोगों की मौत हो चुकी है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा हम अमेरिका में जहर फैलाने वाले हर ड्रग तस्कर और उनकी नौकाओं का अंत करेंगे। सोशल मीडिया पर रक्षा मंत्री हेगसेथ ने द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक नाव को हवा में उड़ते हुए दिखाया गया है। वीडियो में नाव को आग की लपटों में घिरा हुआ भी देखा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को सही ठहराते हुए कहा कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है और दावा किया कि ये नावें विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा चलाई जाती हैं। हालांकि, प्रशासन ने अब तक इस दावे के ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों दलों के सांसदों ने प्रशासन से इस अभियान और इसके कानूनी आधार पर अधिक जानकारी देने की मांग की है। इस बीच, अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड भूमध्य सागर छोड़कर कैरिबियाई क्षेत्र की ओर रवाना हो गया है। इसके साथ कई विध्वंसक जहाज भी तैनात किए जा रहे हैं। यह कदम लैटिन अमेरिका में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में देखा जा रहा है। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि फोर्ड के साथ विध्वंसक जहाज यूएसएस बैनब्रिज भी अटलांटिक महासागर में प्रवेश कर चुका है।

### फ्लोरिडा में 1984 दुष्कर्म मामले का आरोपी अपहरण का भी दोषी

**फ्लोरिडा , एजेंसी।** दक्षिण फ्लोरिडा में 1980 के दशक में कई दुष्कर्म मामलों में संदिग्ध पिलोकेस रेपिस्ट के नाम से कुख्यात रॉबर्ट कोहलर (66) को मियामी-डेड काउंटी की जूरी ने यौन उत्पीड़न, अपहरण और चोरी के आरोप में दोषी ठहराया। हालांकि, इस पर 24 नवंबर को सजा सुनाई जाएगी। मामला 1984 का है, जब 22 वर्षीय महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। कोहलर को 1983 की एक समान घटना में पहले ही 17 साल की सजा मिल चुकी है।

### बकिंघम पैलेस में अगले साल रानी एलिजाबेथ-2 की फैशन प्रदर्शनी

**बकिंघम , एजेंसी।** बकिंघम पैलेस में अगले वर्ष दिवंगत रानी एलिजाबेथ द्वितीय की अब तक की सबसे बड़ी फैशन प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जो उनके जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होगी। 10 अप्रैल से 18 अक्तूबर 2026 तक आयोजित प्रदर्शनी में लगभग 200 परिधान प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें से आधे पहले कभी नहीं दिखाए गए। इसमें रानी की शादी और राज्याभिषेक की पोशाकें भी शामिल होंगी। रानी एलिजाबेथ का निधन सितंबर 2022 में 96 वर्ष की आयु में हुआ था।

# भारतीय मूल के दो मुसलमान अमेरिका में छाए; गजाला हाशमी गवर्नर और ममदानी बने मेयर, ऐसा पहली बार





**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका की राजनीति में इस समय दो बड़ी और ऐतिहासिक घटना देखने को मिली है। भारतीय मूल के दो मुसलमान नेताओं ने महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जीत दर्ज की है। हैदराबादत में जन्मी डेमोक्रेट भारतीय मूल की गजाला हाशमी ने वर्जीनिया लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने रिपब्लिकन जॉन रीड को हराया। इस जीत के साथ, हाशमी वर्जीनिया राज्यव्यापी पद जीतने वाली पहली मुस्लिम और पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी बन गई हैं। हाशमी वर्तमान में 15वें सेनेटोरियल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्जीनिया सीनेट में काम कर रही हैं। लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में उनकी इस जीत का मतलब है कि उनकी सीनेट सीट को भरने के लिए एक विशेष चुनाव आयोजित करना होगा।

गजाला हाशमी ने 2019 में राजनीति में प्रवेश किया और एक आश्चर्यजनक जीत में, उन्होंने रिपब्लिकन-शासित राज्य सीनेट सीट को पलट दिया और वर्जीनिया जनरल असेंबली के लिए चुनी गईं। पांच साल बाद 2024 में उन्हें सीनेट शिक्षा और स्वास्थ्य समिति का अध्यक्ष नामित किया गया। हाशमी की वेबसाइट के अनुसार, उन्होंने दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रयास समर्पित किए हैं, जिसमें आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरणीय न्याय में असमानता जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। गजाला हाशमी का जन्म 1964 में हैदराबाद में जिया हाशमी और तनवीर हाशमी के घर हुआ था। वह चार साल की थीं जब वह अपनी मां और बड़े भाई के साथ भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका चली गईं। उनके पिता प्रोफेसर जिया हाशमी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र थे। यहां से उन्होंने एमए और एलएलबी किया। उन्होंने दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय संबंध में पीएचडी पूरी की। उनकी मां तनवीर हाशमी उस्मानिया विश्वविद्यालय के महिला कॉलेज, कोठी से बीए और बी.एड. की शिक्षा प्राप्त की। हाशमी ने अपनी हाई स्कूल कक्षा में वैलडिक्टोरियन के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और कई पूर्ण छात्रवृत्ति और फेलोशिप प्राप्त की। उन्होंने जॉर्जिया सदर्न यूनिवर्सिटी से ऑनर्स के साथ बीए और अटलांटा में एमोरी यूनिवर्सिटी से अमेरिकी साहित्य में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

**कौन हैं ममदानी :** न्यूयॉर्क शहर को नया मेयर मिला है। भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने दो दो उम्मीदवारों को मात देकर यह उपलब्धि अपने नाम की है। चुनाव के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उनका विरोध किया था। ट्रंप ने तो ममदानी के चुनाव जीतने पर न्यूयॉर्क शहर को केंद्रीय फंड नहीं देने तक की धमकी दे दी थी। उन्होंने दो प्रमुख दावेदारों को हराया दिनमें निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो और रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लीवा शामिल हैं। ममदानी 34 साल के हैं और न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म युगांडा में हुआ था और उनका पालन-पोषण न्यूयॉर्क शहर में हुआ। वह भारतीय मूल के हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उनकी मां प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं और उनके पिता महमूद ममदानी हैं। पिता उनके मुस्लिम थे।

**मां हिंदू, पिता मुस्लिम :** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने दो दो उम्मीदवारों को मात देकर यह उपलब्धि अपने नाम की है। चुनाव के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उनका विरोध किया था। ट्रंप ने तो ममदानी के चुनाव जीतने पर न्यूयॉर्क शहर को केंद्रीय फंड नहीं देने तक की धमकी दे दी थी। उन्होंने दो प्रमुख दावेदारों को हराया दिनमें निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो और रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लीवा शामिल हैं। आपको बता दें कि ममदानी 34 साल के हैं और न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म युगांडा में हुआ था और उनका पालन-पोषण न्यूयॉर्क शहर में हुआ। वह भारतीय मूल के हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उनकी मां प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं और उनके पिता महमूद ममदानी हैं। पिता उनके मुस्लिम थे।

**कौन हैं मीरा नायर :** मीरा नायर का जन्म 1957 में राउरकेला में हुआ था। वह एक जानी-मानी फिल्ममेकर हैं जो पहचान, माइग्रेशन और कल्चरल इंटरसेक्शन को एक्सप्लोर करने के लिए जानी जाती हैं। हार्वर्ड से ग्रेजुएट करे वावी मीरा नायर की पहली फिल्म सलाम बॉम्बे! (1988) ने कान में कैमरा डी'ओर जीता और ऑस्कर नॉमिनेशन भी मिला। उनकी बाद की फिल्में मिसिसिपी मसाला (1991), मॉनसून वेडिंग (2001) और द नेम्सकेक (2006) ने कहानी कहने के तरीके को सोशल इनसाइट के साथ मिलाने के लिए उनकी रेप्युटेशन को और मजबूत किया।

# किम जोंग उन के देश में दूतावास खोलने की प्लानिंग में पाक, क्यों भारत को हो सकती है आपत्ति



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** किम जोंग उन के शासन वाले उत्तर कोरिया में पाकिस्तान दोबारा अपना दूतावास खोलने पर विचार कर रहा है। खबर है कि इस संबंध में पाकिस्तान को प्योंगयांग से एक संदेश भी मिला है। खास बात है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पाकिस्तान और चीन समेत कई देश परमाणु हथियारों की टेस्टिंग कर रहे हैं। भारत कई बार पाकिस्तान और उत्तर कोरिया के बीच संदिग्ध परमाणु संबंधों की बात उठाता रहा है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पुष्टि की है कि इस्लामाबाद को उत्तर कोरिया से एक संदेश मिला है, जिसमें डिप्लोमैटिक मिशन खोलने का अनुरोध किया गया है। कोविड के बाद से ही उत्तर कोरिया में पाकिस्तान का दूतावास बंद है। वहीं, मौजूदा प्रस्ताव पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। डार ने संसद में पूछे गए सवाल में बीते महीने कहा था कि छ्ढक्रक्य यानी डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया पर लगे कई प्रतिबंधों के कारण दो देशों में सहयोग संभव नहीं था। उन्होंने कहा था, 'पाकिस्तान और डीपीआरके के बीच व्यापार वर्चुअली कम ही है।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांतिपूर्ण रास्तों से कोरिया की एकजुटता का समर्थन करना जारी रखेगा। भारत को है आपत्ति? साल 2017 में नई दिल्ली ने प्योंगयांग के नेटवर्क की औपचारिक जांच की मांग की थी। 2022 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया था कि 'हमारे क्षेत्र में डीपीआरके के परमाणु और मिसाइल तकनीकों की बढ़ती संख्या पर बात किए जाने की तत्काल जरूरत है।' साथ ही कहा गया था कि ऐसी गतिविधियां भारत समेत शांति और सुरक्षा को प्रभावित करती है। ट्रंप का दावा डोनाल्ड ट्रंप ने तीन दशक के अंतराल के बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से शुरू करने की अपनी योजना को सही ठहराते हुए कहा कि पाकिस्तान और चीन उन देशों में शामिल हैं जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने बीते गुरुवार को दक्षिण कोरिया में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अपनी बैठक से पहले घोषणा की थी कि अमेरिका प्रतिद्वंद्वी शक्तियों के साथ 'बराबरी के आधार' पर परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू करेगा।

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर को और शक्ति के संकेत, 27वां सांविधानिक संशोधन करेगी सरकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि वह जल्द ही 27वां सांविधानिक संशोधन संसद में पेश करेगी। इस कदम से देश में यह आशंका पैदा हो गई है कि सरकार प्रांतों की स्वायत्तता को सीमित कर सकती है। संविधान में बदलाव की घोषणा उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने की, जिन्होंने पुष्टि की कि यह संशोधन संसद में लाया जाएगा। डार ने कहा, सरकार 27वां संशोधन लाने जा रही है और इसे संसदीय नियमों, कानूनों और संविधान के अनुरूप पेश किया जाएगा।

इससे पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने एक पोस्ट में दावा किया था कि सरकार ने इस संशोधन पर समर्थन के लिए उनसे संपर्क किया है। वहीं, विपक्षी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने संशोधन को लेकर पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठाए हैं। डार ने आश्वासन दिया कि संशोधन को जल्दबाजी या बिना प्रक्रिया के पारित नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित संशोधन पहले सीनेट में पेश किया जाएगा और फिर दलीय समिति को विचार के लिए भेजा जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस संशोधन के तहत एक सांविधानिक न्यायालय की स्थापना, मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव, सशस्त्र बलों से जुड़ी धारा 243 में संशोधन, प्रांतों के वित्तीय हिस्से में कटौती, और शिक्षा व जनकल्याण मंत्रालयों का नियंत्रण केंद्र सरकार को देने का प्रस्ताव शामिल है। पीपीपी के वरिष्ठ नेता रजा रब्बानी ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि यह संशोधन 18वें संशोधन से मिली प्रांतीय स्वायत्तता को कमजोर करेगा। 2010 में पारित 18वें संशोधन ने केंद्र से कई अधिकार प्रांतों को हस्तांतरित किए थे। संविधान में संशोधन पारित करने के लिए सरकार को नेशनल असेंबली (336 सदस्य) और सीनेट (96 सदस्य) दोनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। सरकार के पास नेशनल असेंबली में पर्याप्त संख्या है, लेकिन सीनेट में उसे बहुमत के लिए कम से कम तीन विपक्षी सदस्यों का समर्थन चाहिए होगा।

# तूफान कलमागी का कहर! फिलीपींस में 52 की मौत, 13 लापता; भूकंप से उबर रहे प्रांत में मची भारी तबाही



**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस में आए शक्तिशाली तूफान 'कलमागी' ने भारी तबाही मचाई है। अधिकारियों के अनुसार अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 13 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सेबू प्रांत में हुआ है, जो हाल ही में एक भीषण भूकंप से उबरने की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि तेज बारिश और बाढ़ के कारण कई लोग अपने घरों की छतों पर फंस गए। रेड क्रॉस को सैकड़ों कॉल्स आईं, जिनमें लोगों ने मदद की गुहार लगाई। सेबू की गवर्नर पामेला बारिकुआत्रो ने कहा हमने बचाव के लिए पूरी तैयारी की थी, लेकिन अचानक आई फ्लैश फ्लड ने सब कुछ बदल दिया। उन्होंने यह भी माना कि लंबे समय से हो रहे खनन और घटिया बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं ने स्थिति और बिगाड़ दी। राहत मिशन के दौरान हादसा तूफान से प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने जा रहे फिलीपींस एयरफोर्स के एक हेलीकॉप्टर के अगुसान डेल सुर प्रांत में क्रैश होने से छह जवानों की मौत हो गई। सुपर ह्यूई हेलिकॉप्टर दक्षिणी अगुसान डेल सुर प्रांत के लोरेटो शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पूर्वी मिनडानाओ सैन्य कमान ने अपने एक शुरुआती बयान में कहा था कि हेलिकॉप्टर में सवार वायु सेना कर्मियों को ढूंढने के प्रयास जारी हैं, जो तूफान प्रभावित प्रांतों में मानवीय मदद देने के लिए तैनात किए गए थे। एबीएस-सीबीएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हेलिकॉप्टर हादसे में सवार छह कर्मियों की मौत हो गई है। भारी बारिश और बाढ़ का कहर सेबू में नदी और नाले उफान पर हैं। कई इलाकों में घर बाढ़ में बह गए। प्रशासन ने प्रांत को 'राज्य आपदा क्षेत्र' घोषित कर दिया है ताकि राहत फंड का उपयोग तेज़ी से किया जा सके। भूकंप से बेघर हजारों लोगों को पहले ही मजबूत आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिससे बड़ी संख्या में लोगों की जान बच गई। सेबू की गवर्नर ने घटिया निर्माण कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा यहां की बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की जांच होनी चाहिए। जिनकी वजह से लोगों की जान गई, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाए। 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं तूफान कल्मेगी बुधवार को पालावन द्वीप के तटीय इलाकों के ऊपर था, जहां 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। मौसम विभाग के अनुसार तूफान साउथ चाइना सी की ओर बढ़ रहा है। अब तक 3,87,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है, जबकि 186 उड़ानें रद्द की गई हैं। करीब 3,500 यात्री और ट्रक ड्राइवर बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। फिलीपींस हर साल लगभग 20 तूफानों और कई भूकंपों का सामना करता है।

# चीन के स्पेस स्टेशन से टकराया अंतरिक्ष मलबा, तीन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी टली



**बीजिंग , एजेंसी।** चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन में बड़ा झटका लगा है। चीन के स्पेस स्टेशन से सूक्ष्म अंतरिक्ष मलबे की टक्कर के कारण बुधवार को निर्धारित अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को फिलहाल टाल दिया गया है। यह जानकारी चाइना मैनड स्पेस एजेंसी ने दी। एजेंसी ने कहा कि यह फैसला अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और मिशन की सफलता को ध्यान में रखकर लिया गया है।

**तीन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी टली :** चीन हर छह महीने में अपने स्पेस स्टेशन के दल की अदला-बदली करता है। बीते शनिवार को शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान ने शेनझोउ-21 क्रू के साथ कक्षा में हैंडओवर प्रक्रिया पूरी की थी। अंतरिक्ष स्टेशन की चाबियां मंगलवार को औपचारिक रूप से सौंप दी गईं। शेनझोउ-20 के तीन अंतरिक्ष यात्री (चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जिए) अपने निर्धारित सभी कार्य पूरे कर चुके हैं और बुधवार को इनर मंगोलिया के डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर उतरने वाले थे। हालांकि, मलबे की टक्कर के चलते उनकी वापसी अस्थायी रूप से रोक दी गई है। इस बीच, चीन ने हाल ही में शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान के जरिए तीन नए अंतरिक्ष यात्रियों को छह महीने के मिशन पर अपने कक्षीय स्टेशन पर भेजा है।

**2030 तक चीनी अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की तैयारी :** इससे पहले चीन ने एलान किया था कि वह वर्ष 2030 तक अपने अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की दिशा में समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रवक्ता झांग जिंगबो ने बताया था कि फिलहाल इंसानों को चंद्रमा पर भेजने से जुड़ी सभी अनुसंधान और विकास परियोजनाएं सुचारू रूप से आगे बढ़ रही हैं। लॉन्ग मार्च-10 रॉकेट, चंद्र लैंडिंग सूट और एक्सप्लोरेशन व्हीकल जैसी परियोजनाएं जबरदस्त ढंग से आगे बढ़ रही हैं।

# पाकिस्तान में मिले 1200 वर्ष पुराने हिंदू मंदिर के अवशेष, आठ नए प्राचीन स्थलों की खोज



**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात से तक्षशिला तक फैले आठ नए प्राचीन स्थलों की खोज इस क्षेत्र में चल रहे उत्खनन और अन्वेषण कार्य के दौरान हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि प्राचीन स्थलों की इस खोज में बौद्ध धर्म और शाही हिंदूवादी राजवंश से जुड़े कई पुरातात्विक अवशेष भी मिले हैं। अन्वेषण में बुद्ध की कई मूर्तियां व एक विशाल स्तूप व स्वात के बारिकोट में करीब 1,200 वर्ष पुराने हिंदू मंदिर के अवशेष भी मिले हैं। इतालवी पुरातत्वविदों द्वारा खैबर पख्तूनख्वा पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से की गई इन खोजों को पाकिस्तान एक महत्वपूर्ण सफलता मान रहा है। इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने कहा कि बारिकोट (प्राचीन बजीरा) में उत्खनन के दौरान छोटे मंदिर के अवशेष उस वक्त की हिंदू शैली व परंपरा की बेजोड़ गवाही पेश करते हैं। मंदिर के अवशेषों में स्वात के बारिकोट क्षेत्र की सतत सांस्कृतिक व सभ्यतागत विरासत के दुर्लभ प्रमाण मिलते हैं। ये खोजें पाषाण युग से लेकर सिकंदर, बौद्ध धर्म, हिंदू शाही राजवंश, यूनानी युग व इस्लामी काल तक फैली हुई हैं। स्वात के टोकरदरा में उत्खनन में बौद्ध काल के अहम अवशेष मिले हैं। इन खोजों में बुद्ध की मूर्तियां व विशाल स्तूप शामिल हैं।

**उत्खनन क्षेत्र का अब स्वात नदी की तरफ विस्तार :** इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने कहा, हिंदू मंदिर और आसपास की पुरातात्विक परतों के चारों तरफ एक सुरक्षात्मक बफर जोन स्थापित करने के लिए उत्खनन क्षेत्र का अब स्वात नदी की ओर विस्तार किया गया है। खैबर पथ परियोजना नाम से जानी जाने वाली इस तीन वर्षीय पहल के तहत, 400 से अधिक स्थानीय श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**50 से ज्यादा पुरातात्विक स्थल :** अब तक खैबर पख्तूनख्वा में 50 से अधिक पुरातात्विक स्थलों की खोज हुई है। ये हालिया खोजें गांधार सभ्यता की ऐतिहासिक भव्यता को बताते हैं। इनमें स्वात घाटी के समृद्ध सांस्कृतिक महत्व का वैभव दिखता है। ये स्थल धार्मिक पर्यटन व शैक्षणिक अनुसंधान, के लिए अमूल्य विरासत बन सकते हैं। इनसे पता चलता है कि इस्लामी संस्कृति के विकास से पहले हिंदू व बौद्ध सभ्यता कितनी भव्यता लिए हुए थी।

# अमेरिका के केंटकी में कार्गो प्लेन क्रैश: 7 की मौत, डेढ़ लाख लीटर तेल फैला



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथॉरिटी (एफएए) के मुताबिक, यूपीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी।

एफएए ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 5:15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विमान में करीब 38,000 गैलन ईंधन (करीब डेढ़ लाख लीटर तेल) भरा हुआ था, जो धमाके के बाद आग की लपटों में बदल गया।

पुलिस ने एयरपोर्ट से 8 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को घर के अंदर रहने का आदेश दिया है। साथ ही, एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है।

**हादसे वाली जगह पर अभी भी आग लगी है :** लुईविल पुलिस (एलएमपीडी) ने कहा कि हादसे वाली जगह पर अभी भी आग लगी हुई है और मलबा फैला है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है प्लेन में लिथियम बैटरियों से आग लगी हो, ठीक वैसे ही जैसे 2010 में यूपीएस फ्लाइट 6 के हादसे में हुआ था। यूपीएस कंपनी ने बताया कि विमान में तीन क्रू मेंबर थे।

**दावा- प्लेन में 95 हजार लीटर फ्यूल भरा था :** मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि विमान में करीब 25,000 गैलन (95 हजार लीटर) जेट फ्यूल भरा हुआ था, जिससे आग तेजी से फैल गई। यह विमान मैकडॉनेल डगलस एमडी-11 मॉडल था और यूपीएस वर्ल्डपोर्ट सुविधा के पास गिरते ही धमाके के साथ आग का गोला बन गया। यह मॉडल पहले 1990 में एक यात्री विमान के तौर पर लॉन्च हुआ था, लेकिन ईंधन की बढ़ती लागत की वजह से बाद में इसे कार्गो विमान में बदल दिया गया। यह विमान करीब 2.8 लाख किलो वजन लेकर उड़ान भर सकता है और इसमें 38,000 गैलन (लगभग 1.44 लाख लीटर) तक ईंधन भरा जा सकता है।

**एयरपोर्ट पर 12 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं :** यह एयरपोर्ट यूपीएस कंपनी का मेन सेंटर है, जहां 12,000 से ज्यादा कर्मचारी रोजाना 20 लाख पार्सल संभालते हैं। यह सेंटर 50 लाख वर्ग फीट में फैला है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर तुरंत पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया है। यूपीएस एयरलाइंस ने कहा कि केंटकी विमान के बारे में नई जानकारी मिलने पर अपडेट शेयर किया जाएगा। एफएए और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) दोनों मिलकर इस हादसे की जांच कर रहे हैं। यह एयरपोर्ट यूपीएस वर्ल्डपोर्ट के नाम से जाना जाता है, जो कंपनी का सबसे बड़ा सेंटर है।

# भारतीय टीम ने चौथे टी20 में ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराया

**-सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की**

**-प्लेयर ऑफ द मैच : अक्षर पटेल**

**गोल्ड कोस्ट (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने चौथे टी20 मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल की है। इस मैच में भारतीय टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 168 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए मेजबान टीम 18.2 ओवर में 119 रन ही बना पायी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल मार्श ने सबसे अधिक 30 रन बनाए जबकि मैथ्यू शॉर्ट 25 रन बनाकर आउट हुए। मार्कस स्टोइनिस ने 17 रन जबकि टिम डेविड ने 14 रन बनाये। भारतीय टीम की कोर से वॉशिंगटन सुंदर ने 3 विकेट लिए जबकि अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने 2-2 विकेट लिए। वहीं अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को एक एक विकेट मिला। इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। वहीं अंतिम मैच 8 नवंबर को गाबा मैदान में खेला जाएगा। अब देखना है कि भारतीय टीम उसे जीतकर सीरीज अपने नाम कर पाती है या नहीं। बहरहाल सीरीज हारने का खतरा अब समाप्त हो गया है।

इससे पहले शुभमन गिल के 46 रनों की सहायता से भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 167 रन बनाए। इस मैच में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की ओर से आक्रामक सलामी बल्लेबाज। अभिषेक शर्मा और शुभमन ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन बनाये। अभिषेक 28 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इसके बाद शुभमन ने स्कोर आगे बढ़ाया। शुभमन ने अपनी पारी में 4 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो छक्के लगाकर 20 रन बनाये। वहीं शिवम दुबे ने 18 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की सहायता से 22 रन बनाए। वहीं अंत में अक्षर पटेल ने तेजी से खेलते हुए 11 गेंदों में एक छक्का और एक चौका लकाकर 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस और एडम ज़म्पा ने तीन-तीन विकेट लिए। इस मैच में मेजबान टीम ने चार बदलाव करते हुए स्पिनर जम्पा, ऑलराउंडर मैक्सवेल, फिलिप और ड्वार्शियस को शामिल किया। वहीं भारतीय टीम ने कोई बदलाव नहीं किया।




# ईडी ने रैना और शिखर की 11.14 करोड़ की संपत्ति जब्त की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों के कारण पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं। इनमें रैना के 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड निवेश और धवन की 4.5 करोड़ की अचल संपत्ति शामिल हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून (पीएलएलए) 2002 के तहत की गई है।

ये मामला कई राज्यों की पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के बाद उठा था। जिनमें एक अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म और उसके सहयोगी ब्रांड्स के खिलाफ धोखाधड़ी, अवैध लेनदेन और ऑनलाइन जुए को बढ़ावा देने के आरोप थे। इन एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर जब जांच शुरू की तो शुरुआती जांच में ही करोड़ों रुपये के संदिग्ध ट्रांजैक्शन और विदेशी खातों से जुड़े दस्तावेज मिले.

ईडी की जांच में सामने आया कि ये प्लेटफॉर्म बिना किसी वैध अनुमति के ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए का कारोबार कर रहे थे। यह प्लेटफॉर्म सोशल मीडिया, ऑनलाइन वीडियो और समाचार पोर्टलों पर सोरोगेट विज्ञापन दिखाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते थे। रकम एकत्र करने के लिए हजारों म्यूल अकाउंट्स बनाए गए, जिनमें देशभर के लोगों के नाम पर पैसे जमा किए जाते थे। इन खातों के जरिये रकम विभिन्न पेमेंट गेटवे के माध्यम से विदेशी खातों तक पहुंचाई जाती थी जिससे पैसा कहां से आया ये छुपाया जा सके। ईडी की जांच में पता चला कि दोनों खिलाड़ियों ने विदेशी कंपनियों के साथ करार किये थे। जो सीधे या परोक्ष रूप से अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म और उसकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े थे। इन डील्स के बदले खिलाड़ियों को जो भुगतान किया गया, वह विदेश से किया गया जिससे कि ये लगे कि उन्हें प्रमोशन के लिए रकम मिली है पर ईडी के अनुसार ये रकम दरअसल अवैध सट्टेबाजी से कमाए गए पैसे से जुड़ी थी। इससे यह साबित हुआ कि खिलाड़ियों ने ऐसे प्रमोशन में भाग लिया जो मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे में आते हैं.

इसी को देखते हुए ईडी ने चार पेमेंट गेटवे पर छापे मारकर 4 करोड़ रुपये से अधिक की राशि फ्रीज की है और 60 से ज्यादा बैंक खातों को सील कर दिया। है. जांच में अब तक 1000 करोड़ रुपये की रकम सामने आई है। ईडी के अनुसार अभी कई और हस्तियां भी जांच के दाये में आ सकती हैं। ईडी ने जनता को आगाह किया है कि वे किसी भी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी, संदिग्ध लिंक या स्कीमों से दूर रहें।

# दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ सीरीज के लिए विराट और रोहित को नहीं मिली भारत ए टीम में जगह

**मुम्बई (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारत ए टीम में शामिल नहीं किया गया है। इस सीरीज के लिए भारत ए टीम की कप्तानी तिलक वर्मा जबकि उपकप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को दी गयी है। टीम में अधिकतर युवाओं को ही जगह दी गयी है।

इस सीरीज के तीनों मैच राजकोट में 13 नवंबर, 16 नवंबर और 19 नवंबर को खेले जाएंगे। रोहित और विराट को इस सीरीज में अवसर नहीं दिये जाने से दोनो को ही झटका लगा है कयोंकि इससे इनके पास अभ्यास का अच्छा अवसर था। वैसे भी अब ये दोनो एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं।

रोहित और कोहली दोनों ने ही टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से से संन्यास ले लिया है। दोनों अब सिर्फ ओडीआई ही खेल रहे हैं।

दोनों को किस कारण से टीम में शामिल नहीं किया गया, ये स्पष्ट नहीं है। ये भी हो सकता है कि दोनों दिग्गज स्वयं ही भारत ए की तरफ से खेलने के इच्छुक न रहें हों। ये भी हो सकता है कि टीम प्रबंधन इन दोनों दिग्गजों के प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हो कि ये बिना अभ्यास के भी रन बना



सकते हैं। इसलिए युवाओं और नई प्रतिभाओं को ही अवसर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे रोहित ने लंबे ब्रेक के बाद भी शानदार प्रदर्शन किया था।

वहीं सीरीज के शुरुआती दोनों मैचों में विराट कोहली खाता तक नहीं खोल पाए थे पर अंतिम मैच में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। तीसरे एकदिवसीय में विराट और रोहत ने शानदार साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी थी।

**भारत ए टीम**

तिलक वर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, रियान पराग, ईशान किशन (विकेटकीपर), आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, विपराज निगम, मानव सुथार, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

# गुजरात ने लॉरा और यूपी ने दीप्ति को किया रिलीज, डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले ये खिलाड़ी हुए रिटेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात जायंट्स ने लॉरा वुलफार्ट को रिटेन न करने का बड़ा फैसला लिया है क्योंकि सभी 5 टीमों ने WPL नीलामी से पहले अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की पुष्टि कर दी है। वुलफार्ट हाल ही में संपन्न हुए एकदिवसीय विश्व कप में शीर्ष स्कोरर रहीं और दक्षिण अफ्रीका को फाइनल तक पहुंचाया, लेकिन नियमों के अनुसार केवल दो विदेशी खिलाड़ियों को ही रिटेन किया जा सकता है, इसलिए जायंट्स ने बेथ मूनी और एश्ले गार्डनर की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को चुना।

रिपोर्ट के अनुसार वुलफार्ट के अलावा, एक और बड़ा नाम जिसे रिटेन नहीं किया गया है, वह हैं भारत की शीर्ष ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा। विश्व कप विजेता




ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।

दीप्ति ने 2024 में WPL में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी जीता था। उम्मीद के मुताबिक, हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी अन्य बड़ी भारतीय स्टार खिलाड़ियों को उनकी संबंधित टीमों ने रिटेन किया है।

**रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची**

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर, अमनजोत कौर, हेली मैथ्यूज, नैट-स्किवर ब्रंट, जी. कमलिनी

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना, ऋचा घोष, एलिस पेरी, श्रेयंका पाटिल

**गुजरात जायंट्स :** एश्ले गाडर्नर, बेथ मूनी

**यूपी वारियर्स :** श्वेता सहरावत

**दिल्ली कैपिटल्स :** एनाबेल सदरलैंड, मारिजान काप, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, निकी प्रसाद

# जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स को नशे की लत भारी पड़ी, टीम से भी बाहर हुए

हरारे (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के दिग्गज क्रिकेटर सीन विलियम्स को नशे की लत के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। जिम्बाब्वे की ओर से 273 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले सीन विलियम्स के नाम पर अब जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड (जेडसी) विचार नहीं करेगा। इसके साथ ही उनका केन्द्रीय अनुबंध भी रिन्यू नहीं होगा। वहीं जेडसी ने कहा कि वह नशे की लत से जूझ रहे हैं। 39 वर्षीय सीन विलियम्स ने 20 साल से ज्यादा के अंतरराष्ट्रीय करियर में जिम्बाब्वे के लिए सभी प्रारूपों में 273 मैच खेले हैं पर जिम्बाब्वे क्रिकेट ने पुष्टि की है कि उनका अनुबंध 2025 के बाद आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। विलियम्स ने हाल ही में पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्वालीफायर से पहले निजी कारणों से टीम से नाम वापस ले लिया था। बोर्ड ने कहा कि जब उन्होंने उनकी अनुपलब्धता का कारण जानने के लिए एक आंतरिक जांच की थी तो विलियम्स ने बोर्ड को बताया कि वह नशीली दवाओं की आदत से परिशान हैं और पुनर्वास केंद्र में भर्ती हुए हैं। गौरतलब है कि साल 2005 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से ही विलियम्स ने जिम्बाब्वे के लिए सभी प्रारूपों में 8000 से अधिक रन बनाए हैं। एकदिवसीय में उन्होंने 37.53 की औसत से 5217 रन बनाए, जिसमें आठ शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

# टी20 विश्व कप 2026 फाइनल की मेजबानी करेगा अहमदाबाद, पांच स्थल टूर्नामेंट की मेजबानी की दौड़ में

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के आयोजन स्थलों की सूची में अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को जगह दी है। फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। एकदिवसीय विश्व कप 2023 का भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल भी अहमदाबाद में खेला गया था जो एक लाख से अधिक दर्शकों की क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। विश्व कप 2023 भारत में 10 स्थलों पर खेला गया था। टी20 विश्व कप का श्रीलंका सह मेजबान होगा जो भारत के साथ इंतजाम के तहत पाकिस्तान के लिए तटस्थ स्थल होगा। श्रीलंका में कोलंबो सहित तीन स्थलों पर मुकाबलों का आयोजन होगा। भारत स्वदेश में होने वाले विश्व कप में गत चैंपियन के रूप में उतरेगा। टीम ने पिछले साल जून में बारबडोस में पिछले टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। पाकिस्तान अगर फाइनल में पहुंचता है तो खिताबी मुकाबला श्रीलंका में होगा। आईसीसी, बीसीसीआई और पीसीबी के बीच समझौते के तहत 2027 तक भारत और पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थल पर होंगे।

# आईपीएल 2026 सत्र में भी धोनी खेलेंगे : कासी विश्वनाथ




चेन्नई। आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के मुख्य कार्यकारी कासी विश्वनाथ ने कहा है कि आईपीएल 2026 सत्र में भी महेन्द्र सिंह धोनी के खेलने की संभावनाएं हैं। इसी के साथ ही धोनी के आईपीएल से संन्यास की अटकलों पर भी विराम लग गया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि धोनी अब भी खेल में बने रहना चाहते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में एक यूट्यूब चैनल पर जब प्रशंसकों ने कासी से धोनी के भविष्य को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि वह अभी आईपीएल से संन्यास नहीं ले रहे। वहीं जब उनसे पूछा गया कि धोनी आखिर कब संन्यास लेंगे, तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, मैं उनसे पूछकर बताता हूं। आईपीएल का पिछला सत्र सीएसके और धोनी के लिए काफी खराब रहा था। टीम 14 में से केवल 4 मैच ही जीत पायी थी और पहली बार अंक तालिका में सबसे नीचे रही। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के सत्र में ही चोटिल होने के बाद धोनी को एक बार फिर कप्तानी संभालनी पड़ी थी हालांकि उनके कमान संभालने के बाद भी टीम का प्रदर्शन सुधर नहीं पाया। वहीं कासी ने कहा, हम जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। यह तय नहीं कि ट्रॉफी मिलेगी पर हमारी तैयारी पूरी है। हम इस बार अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहते हैं। धोनी की कप्तानी में सीएसके ने अब तक पांच आईपीएल खिताब जीते हैं।

# अभिषेक की निडर बल्लेबाजी पर युवराज बोले, गंभीर-सूर्यकुमार ने दिया गैरी कर्स्टन जैसा माहौल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने अपने खेल के दिनों और युवा बाएँ हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के उदय के बीच तुलना की है और उस सपोर्ट सिस्टम की तारीफ की है जो इस युवा खिलाड़ी को आज़ादी और आक्रामकता के साथ बल्लेबाज़ी करने में मदद करता है। 2011 विश्व कप विजेता ने कहा कि अभिषेक का निडर रवैया मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाले भारत के मौजूदा नेतृत्व समूह के मज़बूत समर्थन का नतीजा है।

युवराज ने बताया कि यह माहौल उन्हें उस माहौल की याद दिलाता है जिसने कोच गैरी कर्स्टन के नेतृत्व में उनके करियर को आकार देने में मदद की थी। युवराज ने कहा कि मुझे लगता है कि निडरता कोच और कप्तान के सहयोग से भी आती है। जब कोच और कप्तान आपको खुलकर खेलने की अनुमति देते हैं, तो आप खुद को बेहतर ढंग से व्यक्त कर पाते हैं। गैरी कर्स्टन के कोच रहते हुए मैंने भी यही अनुभव किया था—उन्होंने हमेशा मुझसे कहा था कि अगर मैं अपना स्वाभाविक खेल खेलूँगा, तो मैं भारत को जीत की स्थिति में पहुँचा दूँगा। युवराज ने आगे कहा कि यही मानसिकता अब अभिषेक में भी आ रही है। उन्होंने बताया कि गौतम और सूर्यकुमार ने उसे जो आत्मविश्वास दिया है—कि अगर वह अपना खेल खेलता है, तो भारत दस में से छह बार जीतेगा—वही उसे सफल होने में मदद कर रहा है। इस अनुभवी खिलाड़ी का मानना है कि भरोसे की इस संस्कृति ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट को बदल दिया है, जिससे खिलाड़ियों को प्रभावशाली प्रदर्शन के पीछे भागते हुए असफल होने की आज़ादी मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी दृष्टिकोण ने कर्स्टन के नेतृत्व में भारत के स्वर्णिम युग को परिभाषित किया, और गंभीर और सूर्यकुमार अब अभिषेक शर्मा के नेतृत्व वाली नई पीढ़ी में उसी निडर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे हैं।



# अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप का प्रारुप नहीं बदलेगा : आईसीसी




दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अभी अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप का प्रारुप नहीं बदलेगा। अभी तक जिस प्रकार से 50-50 ओवर का गेम अंडर 19 विश्व कप में होता आया है वही आगे भी चलेगा। वहीं इससे पहले एसोसिएट सदस्यों ने इसे टी20 प्रारुप का करने की मांग की थी पर आईसीसी ने उसे खारिज कर दिया है। आईसीसी की चीफ एग्जीक्यूटिव कमिटी (सीईसी) ने कहा कि अभी किसी बदलाव की जरुरत नहीं है। दुबई में आईसीसी की बैठक में ये फैसला हुआ। एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने यह फैसला किया कि अंडर-19 विश्व कप एकदिवसीय प्रारूप में ही खेला जाएगा। वहीं सहयोगी सदस्यों की ओर से यह मांग की गई थी कि जूनियर विश्व कप महिला वर्ग की तरह ही टी20 प्रारूप में खेला जाए पर सीईसी इस पर सहमत नहीं हुई। अंडर 19 विश्व कप को लेकर आईसीसी के पूर्ण सदस्य यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में थे। टूर्नामेंट के पिछले 18 संस्करण 50 ओवरों के रहे हैं और 19वां संस्करण अगले साल नामीबिया और जिम्बाब्वे में खेला जाएगा, जो एकदिवसीय प्रारुप में ही होगा। एसोसिएट सदस्यों के साथ समस्या ये है कि उनके पास खिलाड़ियों का पूल नहीं होता है और सुविधाएं भी उतनी बेहतर नहीं हैं। इसके अलावा एकदिवसीय क्रिकेट में समय भी ज्यादा लगता है। शायद इसी से बचने के लिए कई सदस्य देश टी20 प्रारुप की मांग कर रहे थे, जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया है।

# आईपीएल 2026 सत्र में क्लासेन को रिलीज कर सकती है सनराइजर्स

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद अब आईपीएल के 2026 सत्र में हेनरिक क्लासेन सहित कुछ ऐसे क्रिकेटरों को रिलीज करेगी। जिनकों मोटी रकम देकर रखा गया था। क्लासेन को सनराइज़र्स हैदराबाद ने पिछले साल पूरे 23 करोड़ रुपए में रिटेन कर सबको हैरान कर दिया था। अब 2026 सत्र की तैयारी में लगी सनराइजर्स क्लासेन जैसे स्टार खिलाड़ियों को बाहर कर उनकी जगह अच्छा प्रदर्शन कर रहे युवा खिलाड़ियों को शामिल करेगी। क्लासेन को बाहर करने से टीम के करीब 23 करोड़ रुपये बचेंगे।

इस पूर्व दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी को आईपीएल 2025 से पहले 23 करोड़ रुपये की भारी-भरकम कीमत पर रिटेन किया गया था, जिससे वह सबसे महंगे रिटेन खिलाड़ी बन गए थे। क्लासेन ने पिछले कुछ वर्षों में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था पर टीम इसके बाद भी उनको रखने के मूड में नहीं है। उनको बाहर करने से 23 करोड़ बचेंगे और ये रकम नीलामी राशि में जुड़ जाएगी। वहीं कई पूर्व दिग्गजों का मानना है कि अगर टीम आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले क्लासेन को रिलीज़ करने का फैसला करती है, तो यह एक अच्छा कदम होगा। इससे टीम के पास बची हुई रकम से बेहतर गेंदबाज शामिल करने का अवसर रहेगा। इसके अलावा टीम मध्यक्रम के लिए बल्लेबाज भी रख पायेगी।

नीलामी में 23 करोड़ रुपये ज़्यादा लेकर जाने से उन्हें ज़रूरी कमियों को पूरा करने का एक अच्छा मौका मिलता है। टीम के लिए एक अच्छा गेंदबाज़ी आक्रमण तैयार करना और अपने मध्यक्रम को बेहतर करना फायदेमंद रहेगा। इसके अलावा वह क्लासेन को कम कीमत में भी खरीद सकती है। इस क्रिकेटर ने हर सत्र में टीम की ओर से 400 से अधिक रन बनाये हैं।

# अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कोच स्कालोनी बोले, टीम में अच्छे नये खिलाड़ियों को भी जगह देंगे

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा है कि वह 2026 में होने वाले विश्वकप के लिए टीम तैयार कर रहे हैं। स्कालोनी ने कहा कि टीम में कुछ अच्छे नये खिलाड़ियों को भी अब भी जगह देने के लिए वह तैयार है। स्कालोनी ने बताया है कि वह मैत्री मैचों के जरिये अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में संयुक्त रुप से होने वाले विश्व कप के लिए खिलाड़ियों को परखेंगे। स्कालोनी ने कहा, जाहिर है कि हम नए खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश करेंगे, यह देखने के लिए कि क्या वे टीम में शामिल किये जा सकते हैं। इन मुकाबलों में अलग-अलग खिलाड़ियों को आजमाया जाएगा। स्कालोनी ने स्वीकारा है कि अधिकांश विश्व कप टीम पहले ही तय हो चुकी है, लेकिन उन्होंने बताया कि अंतिम समय में कुछ बदलाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा, आप नहीं कहा सकते कि कब बदलाव हो सकते हैं। भले ही हमारे पास एक मजबूत टीम है पर हमें नहीं पता आगे क्या हो सकता है। पिछले विश्व कप का अनुभव हमारे पास है, जब कुछ खिलाड़ी चोटिल होने के कारण अंतिक समय में बाहर हो गए थे। यह सही है कि टीम का अधिकांश हिस्सा तय है, लेकिन हम आने वाली किसी भी तरह के हालात के लिए तैयार रहना चाहते हैं। नए खिलाड़ी अब टीम में शामिल हुए हैं। अगर हमें लगेगा कि जरूरत है, तो आगे भी नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा। अर्जेंटीना ने साउथ अमेरिकन क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने के साथ ही पहले ही विश्वकप के लिए अपनी जगह बना ली है। स्कालोनी ने कहा कि उनकी टीम विश्व कप से पहले होने वाले सभी मुकाबलों को गंभीरता से लेगी।



# त्वचा कैंसर से पीड़ित क्लार्क बोले, नियमित रुप से जांच करायें सभी लोग

**-अब तब मेरे चेहरे पर सात जगह सर्जरी हुई**

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर कप्तान माइकल क्लार्क आजकल त्वचा के कैंसर से पीड़ित हैं। क्लार्क ने बीमारी के दर्द को बताते हुए कहा कि उनके चेहरे से अब तक 7 जगह सर्जरी से कैंसर कारक बेसल सेल्स निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ साल में इलाज के दौरान उनके चेहरे और शरीर से कई मेलानोमा और अन्य प्रकार के कैंसर हटाए गये हैं। क्लार्क को पहली बार 2006 में त्वचा कैंसर का पता चला था और तभी से वह नियमित रूप से अपने विशेषज्ञ से मिलते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा करते हुए लोगों को अपनी त्वचा की जांच कराने की सलाह दी, जिससे कि इस बीमारी का पता समय से पहले ही लग जाये।



क्लार्क ने एक शो में कहा कि उन्होंने हाल ही में अपनी नाक से एक और कैंसरयुक्त घाव हटवाया है। उन्होंने कहा, 'लगभग चार सप्ताह पहले मेरी नाक से एक निकाला गया था, और मैं हर छह महीने में अपने त्वचा रोग विशेषज्ञ से मिलता हूं। अब तक मेरे चेहरे पर सात से अधिक जगहों पर सर्जरी हुई है।' क्लार्क के मुताबिक, वह नियमित रूप से सनस्पॉट को फ्रीज करवाते हैं और किसी भी बेसल सेल्स को तुरंत कटवा देते हैं जिससे कि बीमारी आगे न फैले।

पिछले साल क्लार्क ने अपनी नाक की सर्जरी के बाद की तस्वीर साझा की थी। उन्होंने लिखा, 'आज मेरी नाक से एक और निकाला गया। यह सबको याद दिलाने के लिए है कि अपनी त्वचा की जांच करवाएं। रोकथाम इलाज से बेहतर है, लेकिन जल्दी पहचान भी उतनी ही ज़रूरी है।' उन्होंने अपने डॉक्टर का आभार जताया कि उन्होंने कैंसर को शुरुआती चरण में ही पकड़ लिया। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा की गई और कई लोगों ने उनकी ईमानदारी की सराहना की।

क्लार्क ने बताया कि उनकी बीमारी का बसे बड़ा कारण क्रिकेट के दौरान धूप में बिताए गए लंबे घंटे हैं। उन्होंने कहा, 'सोचिए भारत या ऑस्ट्रेलिया में पूरे दिन फील्डिंग करना, आठ घंटे तक तेज धूप में रहना। हम अक्सर बैगी ग्रीन कैप पहनते थे, जिससे चेहरे और कानों पर सीधी धूप पड़ती थी। छोटी आस्तीन वाली शर्ट पहनने से बाहों पर भी असर होता था।' उन्होंने यह भी बताया कि क्रिकेटरों के लिए स्किन कैंसर का खतरा आम है और इसीलिए नियमित जांच बहुत जरुरी है। क्लार्क अकेले नहीं हैं जिन्होंने त्वचा कैंसर का सामना किया। उनसे पहले रिची बेनो, सैम बिलिंग्स, एंडी फ्लावर और लॉरेन चीटल जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी इस बीमारी से पीड़ित रहे हैं। इन खिलाड़ियों की कहानियों ने दुनिया भर में क्रिकेट समुदाय में जागरूकता बढ़ाने में मदद की है। क्लार्क का क्रिकेट करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 115 टेस्ट, 245 वनडे और 34 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर 17,000 से अधिक रन बनाए। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2015 का एकदिवसीय विश्व कप जीता था।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 07 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

## एमवी फोटोवोल्टिक पावर का आईपीओ 11 नवंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली** सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल एवं सौर सेल बनाने वाली कंपनी एमवी फोटोवोल्टिक पावर लिमिटेड ने अपने 2,900 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 206-217 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि उसका आईपीओ 11 नवंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 13 नवंबर का संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 10 नवंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 2,143.86 करोड़ रुपये के नए शेयर और 756.14 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। नए निर्गम से प्राप्त 1,621 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का उपयोग कंपनी और इसकी प्रमुख अनुषंगी कंपनी द्वारा लिए गए ऋणों एवं ब्याज के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान तथा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एमवी फोटोवोल्टेइक पावर का शेयर 18 नवंबर को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो सकता है।

## एफएए 40 व्यस्त मार्गों पर उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती करेगा

**वॉशिंगटन** संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने कहा कि अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के चलते 40 सबसे व्यस्त हवाई मार्गों पर उड़ानों की संख्या 10 फीसदी घटाई जाएगी। एजेंसी ने बताया कि यह कदम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हवाई यातायात नियंत्रक बिना वेतन काम कर रहे हैं, जबकि कुछ ने काम बंद कर दिया है। इसका परिणाम देशभर में उड़ानों में देरी के रूप में सामने आ रहा है। 1 अक्टूबर से शुरू हुए शटडाउन का कारण है डेमोक्रेटिक पार्टी का वित्तीय पैकेज में 'अफोर्डेबल केयर एक्ट' रियायत की मांग। संसद से मंजूरी न मिलने पर शटडाउन लागू होता है।

## ब्याज दर में हो सकती है कटौती

**मुंबई** रिजर्व बैंक आने वाले महीनों में रेपो रेट में 0.25-0.5 प्रतिशत तक की कटौती का ऐलान कर सकता है। खाने-पीने की चीजों के दामों में कमी और हालिया जीएसटी कटौती के असर से महंगाई में लगातार नरमी बनी हुई है। इसी वजह से आरबीआई को आर्थिक ग्रोथ को सपोर्ट देने के लिए मौद्रिक नीति को उदार बनाने का मौका मिलेगा। कोटक सिक्युरिटीज की रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ और ट्रेड से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, घटती महंगाई आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार (ग्रोथ) को बढ़ाने के लिए दरों में कटौती की गुंजाइश बना रही है। खाने-पीने की चीजों की कीमतें घटने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित रिटेल महंगाई दर सितंबर में घटकर 1.54 प्रतिशत पर आ गई थी।

## टीवीएस ने अक्टूबर में कुल 5,43,557 वाहनों की बिक्री

**नईदिल्ली** अक्टूबर 2025 में टीवीएस मोटर ने बिक्री के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टीवीएस कंपनी ने इस महीने कुल 5,43,557 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.15 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले महीने की तुलना में 0.46 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाती है। बीते साल की तुलना में टीवीएस ने करीब 54 हजार वाहनों की अतिरिक्त बिक्री की। यह प्रदर्शन कंपनी की घरेलू और वैश्विक बाजार में मजबूत पकड़ को दर्शाता है। टीवीएस की सफलता का सबसे बड़ा आधार उसका भारतीय बाजार रहा, जहां उसने 4,21,631 वाहनों की बिक्री की। यह कुल बिक्री का लगभग 80 प्रतिशत है और इसमें वार्षिक तौर पर 9.83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, निर्यात के क्षेत्र में कंपनी ने 1,03,519 वाहनों की बिक्री की, जो कुल बिक्री का करीब 18 प्रतिशत हिस्सा है। मोटरसाइकिल श्रेणी में कंपनी ने 2,66,715 इकाइयाँ बेचीं, जो कुल बिक्री का 51 प्रतिशत हिस्सा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 15.77 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। वहीं स्कूटर सेगमेंट में कंपनी ने 2,05,919 यूनिट्स बेचीं, जिनमें से आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर सबसे लोकप्रिय रहा। इस मॉडल की 32,387 इकाइयाँ बिकीं, जिससे यह साबित हुआ कि उपभोक्ता तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ रहे हैं। कंपनी के तीन पहिया वाहनों ने भी रिकॉर्ड बनाया। अक्टूबर में 18,407 यूनिट्स बिके, जिनमें घरेलू बाजार में 117 प्रतिशत और निर्यात में 52 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# भारत रूस से कच्चे तेल की सीधी खरीद घटाएगा

### रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों पर लगाए जाने वाले नए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद लिया गया फैसला

**नई दिल्ली**

भारत नवंबर के ओ खिर से रूस से कच्चे तेल की सीधे खरीद में कटौती करेगा। यह निर्णय अमेरिका द्वारा 21 नवंबर से रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगाए जाने वाले नए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद लिया गया है। प्रतिबंधों के तहत इन कंपनियों की अमेरिकी संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन पर रोक लगेगी। इसके अलावा, अन्य देशों की संस्थाओं पर भी द्वितीयक प्रतिबंध लागू हो सकते हैं, यदि वे इन कंपनियों के साथ बड़े लेनदेन करती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी प्रतिबंधों के पालन में भारतीय रिफाइनरी कंपनियां रोसनेफ्ट और लुकोइल से तेल की सीधी खरीद घटा सकती हैं या पूरी तरह रोक सकती हैं। प्रमुख कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी शामिल हैं। हालांकि, नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी वर्तमान खरीद प्रक्रिया जारी रखेगी। विशेषज्ञों के अनुसार 21 नवंबर के बाद रूसी तेल की खेपों में कमी आएगी। दिसंबर में आपूर्ति में तेज गिरावट होने की संभावना है, जबकि 2026 की शुरुआत तक नए व्यापारिक माध्यम और वैकल्पिक मार्गों के जरिए स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो सकती है।



घटते रूसी आयात की भरपाई के लिए भारत ने पश्चिम एशिया, लैटिन अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका, कनाडा और अमेरिका से खरीदारी बढ़ा दी है। उदाहरण के लिए अक्टूबर में भारत ने अमेरिका से प्रतिदिन 5.68 लाख बैरल क्रूड तेल आयात किया, जो मार्च 2021 के बाद सबसे अधिक है। 2025 की पहली छमाही में भारत ने रूस से लगभग 18 लाख बैरल प्रतिदिन क्रूड तेल आयात किया। भारतीय रिफाइनरी कंपनियां अब आपूर्ति में विविधता लाकर अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने की रणनीति अपना रही हैं।

## 1 जनवरी 2026 से पेन निष्क्रिय, समय रहते लिंक करें आधार



**नई दिल्ली** 1 जनवरी 2026 से उन लोगों का पेन नंबर निष्क्रिय हो जाएगा जिन्होंने 31 दिसंबर 2025 तक पेन और आधार लिंक नहीं किया। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की इस नई प्रक्रिया का पालन न करने पर वित्तीय लेन-देन प्रभावित हो सकते हैं। पेन निष्क्रिय होने पर आप आईटीआर फाइल नहीं कर पाएंगे और रिफंड प्रोसेस भी रुक सकता है। इसके अलावा, सैलरी` सिप निवेश और बैंक ट्रांजैक्शन भी प्रभावित हो सकते हैं। टैक्स बडी के मुताबिक, कई निवेश और बैंकिंग सुविधाओं पर प्रतिबंध लग सकता है। कुछ विशेष श्रेणी के लोग इस नियम से मुक्त हैं, जैसे एनआरआई, 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक और कुछ राज्यों के निवासी। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से वैरिफिकेशन कराना जरूरी है। पेन को फिर से सक्रिय करने में लगभग 30 दिन लग सकते हैं।

## क्विक कॉमर्स कंपनियों ने अपनाया 'बैचिंग' मॉडल

### कम खर्च में तेज डिलीवरी का नया फॉर्मूला



**नई दिल्ली** तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स कारोबार में अब कंपनियां खर्च घटाने और मुनाफा बढ़ाने के लिए बैचिंग या क्लबिंग मॉडल अपना रही हैं। इस प्रक्रिया में कंपनियां दो या उससे ज़्यादा ऑर्डर एक साथ पैक करती हैं और एक ही डिलीवरी पार्टनर से ग्राहकों तक भेजती हैं। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होती है, साथ ही कंपनियों की डिलीवरी लागत में कमी आती है। डार्क स्टोर, यानी छोटे वेयरहाउस, जहां ऑर्डर तैयार किए जाते हैं, अब खास सॉफ्टवेयर और एल्गोरिदम का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये सिस्टम आसपास के ऑर्डर को पहचानकर डिलीवरी का रास्ता तय करते हैं, ताकि एक ही रूट में कई ऑर्डर पूरे किए जा सकें। जेप्टो के एक अे धिकारी ने बताया कि बैचिंग से डिलीवरी पार्टनर का सफर छोटा होता है, जिससे समय बचता है और उन्हें अतिरिक्त इंसेंटिव भी मिलता है। सिर्फ जेप्टो ही नहीं, बल्कि ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टालमेंट और बिग बॉस्केट भी यह तरीका अपनाने लगी हैं। फिलपकार्ट मिनट ने अगस्त 2025 से 500 मीटर के दायरे में आने वाले ऑर्डर को जोड़ना शुरू किया है, जिससे भीड़भाड़ या त्योहारों के दौरान भी डिलीवरी पर असर नहीं पड़ता।

# शेयर बाजार के दिग गज निवेश अधिकारी की चेतावनी

### भारतीय निवेशकों की आंखें खोलने वाली

**नई दिल्ली**

शेयर बाजार के दिग गज ने भारतीय निवेशकों की आंखें खोलने वाली चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि भारत का पूंजी यानी शेयर बाजार एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। अब जोखिम का पूरा बोझ निवेशकों पर है, न कि बैंकों और संस्थानों पर रह गया है। उनके कहने का साफ मतलब यह है कि अब बाजार का सारा जोखिम सिर्फ निवेशकों के माथे पर है, उससे जुड़ी कंपनियों या संस्थानों पर नहीं।

जानकार ने कहा कि पहले के दौर में पूंजी निवेश का विकास वित्तीय संस्थानों जैसे आईडीबीआई, आईएफसीआई और आईसीआईसीआई की ओर से वित्तपोषित होता था। फिर आया 2007-08 का दौर जहां बैंकों की ओर से इसका वित्तपोषण होता था। अब पूरे निवेशक समुदाय के लिए चुनौती नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। अब सारा जोखिम निवेशकों की ओर से

जानकार ने बताया कि आज कोई भी वित्तीय संस्थान खुद जोखिम उठाने को तैयार नहीं और देश के विकास के लिए जोखिम उठाने का काम निवेशकों पर है। निवेशकों को कुछ हद तक राहत पहुंचाने के लिए ही म्यूचुअल फंड्स ने स्मॉल कैप, मिड कैप और मल्टी कैप जैसे सेक्शन बनाए हैं।

बावजूद इसके निवेशकों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए फंड प्रबंधकों को अक्सर महंगे स्टॉक्स में निवेश करना पड़ता है।



**बाजार गिरते ही बदल जाता है निवेशकों का मन**

जानकार ने चिंता जाहिर कि कई निवेशक भले ही लंबे समय का लक्ष्य बनाकर चलते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार में गिरावट आती है, अपना पैसा निकालने पर मजबूर होते हैं। 20 साल लक्ष्य बनाकर चलने वाले निवेशक भी अक्सर 10 साल तक नहीं टिक पाते हैं। नरेन ने कहा कि निवेशकों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे सिर्फ इक्विटी पर ही ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लानी पड़ेगी और सिर्फ इक्विटी पर ध्यान देने के बजाय डेट और बैलेंस्ड फंड जैसे विकल्पों को भी शामिल करना चाहिए।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा सितंबर तिमाही में बढ़कर 49,546 करोड़ हुआ

### इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा सबसे अधिक 58 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली**

एसबीआई की अगुवाई में 12 सरकारी बैंकों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में **49,546 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। यह पिछले साल की समान तिमाही (45,547 करोड़ रुपये) की तुलना में 9 फीसदी अधिक है। कुल मुनाफे में वृद्धि 3,909 करोड़ रुपये रही। अलग से देखा जाए तो एसबीआई का मुनाफा 20,160 करोड़ रुपये रहा, जो कुल मुनाफे का 40 फीसदी है। एसबीआई का लाभ सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़ा। बैंक का कुल कारोबार अब 100 लाख करोड़ रुपये के पार है। इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा सबसे अधिक 58 फीसदी बढ़ा और 1,226 करोड़ रुपये रहा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 33 फीसदी बढ़त के साथ 1,213 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक का कारोबार क्रमशः 27.86 लाख करोड़ और 26.79 लाख करोड़ रुपये रहा। केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक के मुनाफे में क्रमशः 19, 14 और 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक का मुनाफा 23 फीसदी बढ़ा। बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुनाफे में कमी आई; बैंक ऑफ बड़ौदा का लाभ 8 फीसदी घटकर 4,809 करोड़ और यूनियन बैंक का 10 फीसदी घटकर 4,249 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष



की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2025) में सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 93,674 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि (85,520 करोड़ रुपये) की तुलना में करीब 10 फीसदी अधिक है।

## बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी से चिंतित आरबीआई

### आरबीआई बाजार सहभागियों संग कर रहा लगातार बैठकें




**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सरकारी बॉन्ड यील्ड में लगातार बढ़ोतरी को लेकर चिंतित है। दस साल की परिपक्वता अवधि वाले सरकारी बॉन्ड और अमेरिकी ट्रेजरी के बीच का अंतर लगभग 250 आधार अंक तक पहुंच गया है। इस स्थिति पर चर्चा के लिए केंद्रीय बैंक इस सप्ताह और अगले सप्ताह बाजार प्रतिभागियों से बैठकें कर रहा है। फरवरी से जून के बीच कुल 100 आधार अंकों की रेपो दर कटौती के बावजूद 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड नीतिगत दरों के अनुरूप नहीं घटी। जून के बाद यील्ड में 24 आधार अंकों की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि में अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 32 आधार अंक गिरी है। फिलहाल बेंचमार्क बॉन्ड यील्ड 6.53 फीसदी पर है। पिछले सप्ताह सात साल की परिपक्वता अवधि वाले बॉन्ड की नीलामी रद्द करनी पड़ी क्योंकि बाजार ने अधिक यील्ड की मांग की थी। प्रतिभागियों ने आरबीआई से खुले बाजार संचालन के जरिए बॉन्ड खरीद बढ़ाने का अनुरोध किया है, जिससे तरलता सुधर सकती है।

# कर्ज कम करने की दिशा में अस्पष्ट नीति आर्थिक प्रगति पर पड़ सकती है भारी

### आगामी बजट से पहले कर दरों, राजकोषीय घाटे और ऋण लक्ष्यों पर गहराई से विचार करेगी सरकार

**नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय आगामी आम बजट की तैयारियों में जुट गया है, और इसी बीच वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी तथा उन्हें युक्तिसंगत बनाने पर विचार किया जा रहा है। मंत्रालय को यह सावधानीपूर्वक आकलन करना होगा कि दरों में कमी से राजस्व संग्रह और आर्थिक वृद्धि पर क्या प्रभाव पड़ेगा। दरों में कमी से अल्पकालिक रूप में राजस्व में गिरावट आ सकती है, लेकिन इससे खपत और निवेश बढ़ने की संभावना भी बनती है, जो दीर्घकाल में अर्थव्यवस्था को गति दे सकती है। वित्तीय बाजारों का ध्यान केवल जीएसटी दरों पर ही नहीं, बल्कि आगामी राजकोषीय ढांचे पर भी है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि 2026-27 से सरकार का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में ऋण अनुपात में कमी लाने का होगा। 2018 में संशोधित राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में ऋण और घाटे दोनों के लक्ष्य तय किए गए थे। हालांकि कोविड-19 महामारी ने इन लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित किया, जिससे वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 9.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इसके बाद सरकार ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की दिशा में सराहनीय सुधार किया है।




2021-22 के बजट में वित्त मंत्री ने 2025-26 तक राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखा था। यह प्रगति पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ हासिल की गई है।

## ब्रुकफील्ड रीट खरीदेगी 13,125 करोड़ का कार्यालय परिसर

**नई दिल्ली**

ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट (रीट) ने बेंगलूरु में एक कार्यालय परिसर इकोवर्ल्ड का 13,125 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के लिए पक्का करार किया है। जेएलएल के पूंजी बाजार प्रमुख ने बताया` कि यह सौदा भारत के रीट इकोसिस्टम की बढ़ती परिपक्वता को रेखांकित करता है। रीट आज सक्रिय रूप से पूंजी लगा रहे हैं और परिसंपत्ति अधिग्रहण में मजबूत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जो वाणिज्यिक अचल संपत्ति में संस्थागत भागीदारी की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। भारत के प्रमुख कार्यालय बाजार बेंगलूरु के सबसे व्यस्त इलाके में 48 एकड़ में बना इकोवर्ल्ड का परिसर आउटर रिंग रोड पर 77 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। ब्रुकफील्ड के निदेशक मंडल ने अधिग्रहण के लिए 3,500 करोड़ रुपये की नई ऋण प्रतिभूतियां करने, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में तरजीही निर्गम से 1,000 करोड़ रुपये की नकद आय और 2,500 करोड़ रुपये की नई इक्विटी जारी करने से प्राप्त रकम का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है। एनारॉक समूह ने कहा, ब्रुकफील्ड द्वारा बेंगलूरु में 77 लाख वर्ग फुट के इकोवर्ल्ड ऑफिस परियोजना को 13,125 करोड़ रुपये में खरीदना भारत में अब तक की सबसे बड़ी कार्यालय अचल संपत्ति की बिक्री है। इस तरह ब्रुकफील्ड का सौदा भारतीय अचल संपत्ति के इतिहास में एक ही जगह कार्यालय संपत्ति खरीद



का नया रिकॉर्ड है। इस तरह के अन्य बड़े सौदों में 2016 में 12,000 करोड़ रुपये काडीएलएफ-ब्लैकस्टोन मुंबई भूमि सौदा और 2018 में प्रेस्टीज ग्रुप की कार्यालय परिसंपत्तियों में ब्लैकस्टोन का 7,200 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

## अक्टूबर में म्युचुअल फंड्स का इक्विटी में सबसे कम निवेश




**नई दिल्ली**

अक्टूबर में छह महीने में म्युचुअल फंडों (एमएफ) का इक्विटी बाजार में निवेश सबसे कम रहा जो बाजार में सुधार के बीच इक्विटी एमएफ योजनाओं में नए निवेश में कमी का संकेत है। पिछले महीने अक्टूबर में म्युचुअल फंडों ने इक्विटी में 17,778 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि सितंबर में उन्होंने 46,442 करोड़ रुपये लगाए थे। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त में म्युचुअल फंडों का इ क्विटी बाजार में निवेश 70,534 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के अनुसार एमएफ इक्विटी निवेश में गिरावट का कारण मुनाफावसूली और बढ़ते मूल्यांकन संबंधी चिंता हो सकती है।

क्योंकि शेयरों की कीमतें रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई हैं। म्युचुअल फंड मुख्य रूप से ऐक्टिव और पैसिव इक्विटी तथा हाइब्रिड योजनाओं में निवेश और बिकवाली के आधार पर ज्यादातर निवेश का निर्णय करते हैं।

इसके अतिरिक्त नकदी की स्थिति और हाइब्रिड फंडों के इक्विटी आवंटन भी समग्र निवेश स्तर को प्रभावित करते हैं। कुछ फंड मैनेजर इक्विटी योजनाओं में ऊंचे मूल्यांकन पर बाजार में निवेश करने पर अपनी चिंता व्यक्त कर रहे हैमि जुलाई 2025 में 42,702 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद ऐक्टिव इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश में कमी आई है। सितंबर में निवेशकों ने 30,422 करोड़ रुपये का निवेश किया था। निवेश घटने का मुख्य कारण मुनाफावसूली है क्योंकि इक्विटी बाजार मार्च 2025 के निचले स्तर से धीरे-धीरे उबर रहा है। अक्टूबर में भी बाजार में सुधार जारी रहा, जिससे बेंचमार्क सूचकांक अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गए।

## प्रीमियम एसयूवी इलेवेट के नए एडिशन का टीज़र जारी




**नईदिल्ली**

होंडा कार्स इंडिया कंपनी ने अपनी प्रीमियम एसयूवी इलेवेट के नए एडिशन का टीज़र जारी किया है, जो डिजाइन और फीचर्स के मामले में हयूदै क्रेटा को सीधी चुनौती देने वाली है।

रेड एक्सेंट वाली फ्रंट ग्रिल, ग्लॉस ब्लैक एलॉय व्हील्स और ब्लैक टोन हेडलैंप स्ट्रिप इसके लुक को और दमदार बनाते हैं। सोशल मीडिया पर जारी इस टीज़र में कार का स्पोर्टी और आकर्षक लुक दिखाई देता है, जिसमें ब्लैक और रेड थीम का संयोजन इसे पहले से अधिक प्रीमियम बनाता है। कंपनी ने टीज़र में ÷ए बोल्ड कैंपेनियन फार बोल्ड कैंपेनियन फार द एक्सप्लोरर इन यू÷ टैगलाइन दी है, जिससे संकेत मिलता है कि यह एडिशन इलेवेट एक्सप्लोरर एडिशन नाम से लॉन्च हो सकता है। यह वेरिएंट एडवेंचर और रोमांच पसंद करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

नए एडिशन में वही भरोसेमंद 1.5 लीटर, 4-सिलेंडर पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 119 बीएचपी पावर और 145 एनएम टॉर्क जनरेट करता है।

इसमें 6-स्पीड मैनुअल और 7-स्टेप सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प मौजूद रहेंगे, जबकि सीएनजी फिटमेंट डीलर स्तर पर उपलब्ध होगी। सेफ्टी और फीचर्स के मामले में होंडा ने इसे पहले से अधिक एडवांस बनाया है।

कार में लेवल-2 एडीएएस सिस्टम, छह एयरबैग, लेनवॉच कैमरा, हिल स्टार्ट असिस्ट, ट्रैक्शन कंट्रोल और इमरजेंसी स्टॉप सिग्नल जैसे फीचर्स शामिल हैं।

साथ ही, वायरलेस चार्जिंग और कनेक्टेड टेक्नोलॉजी से लैस इंफोटेनमेंट सिस्टम इसे और मॉडर्न बनाता है।

होंडा अपनी इलेवेट के साथ 3 साल या अनलिमिटेड किलोमीटर की स्टैंडर्ड वारंटी दे रही है, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

# दर्शकों के प्यार से गदगद मोनालिसा, नए प्रोजेक्ट की सफलता का मनाया जश्न



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री मोनालिसा को कौन नहीं जानता। उन्होंने अपने दम पर भोजपुरी से लेकर बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में छाप छोड़ी है। अभिनेत्री ने अपनी नई माइक्रो ड्रामा सीरीज की टीम को धन्यवाद दिया। अपने अभिनय के लंबे सफर को तय करते हुए अभिनेत्री ने अब माइक्रो ड्रामा सीरीज में हाथ आजमाया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर सीरीज की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने सैयारा गाना भी ऐड किया। अभिनेत्री ने कैप्शन लिखा, मेरे प्यारे दर्शकों, मेरे नए प्रोजेक्ट को इतना सारा प्यार देने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। पहली पहल हमेशा खास होती है और यह मेरी पहली माइक्रो ड्रामा सीरीज है। सभी दर्शकों को यह इतनी पसंद आई। सच में बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे को-एक्टर्स, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर समेत पूरी टीम को धन्यवाद।

सैयारा गाना फिल्म सैयारा का टाइटल ट्रैक है, जिसे फरहीन अब्दुल ने गाया है और इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं और म्यूजिक तनिष्क बागची, फहीम अब्दुलाह और अरसलन निजामी ने दिया है। फिल्म सैयारा की बात करें तो इसे मोहित सूरी ने निर्देशित किया। फिल्म में अनीत पड्डा और अहान पांडे मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी दो ऐसे युवा कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने टूटे दिलों के साथ जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहते हैं। कृष कपूर (अहान पांडे), एक होनहार संगीतकार है जो अपने जज्बातों को सुरों और गीतों के जरिए दुनिया तक पहुंचाना चाहता है, जबकि वाणी बत्रा (अनीत पड्डा), एक लेखिका है जो कविताओं में अपने दर्द को शब्दों में ढालती है। यूं तो हिंदी सिनेमा में मोनालिसा ने कई फिल्में कीं, लेकिन उन्हें असल पहचान भोजपुरी सिनेमा से मिली थी। उन्होंने 2008 में भोले शंकर से भोजपुरी इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। मोनालिसा ने अपने फिल्मी सफर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। साथ ही साथ उन्होंने कई आइटम सॉन्ग्स में भी डांस किया है।



# निमृत कौर अहलूवालिया ने शुरू की नई वेब सीरीज की शूटिंग

अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया ने हाल ही में अपनी पहली पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार के जरिए बड़े पर्दे पर कदम रखा। वे अब डिजिटल दुनिया में उतरने की तैयारी कर रही हैं। वह जल्द ही एक हिंदी वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिससे उनका ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू होगा। यह निमृत के करियर का एक नया मोड़ माना जा रहा है, क्योंकि वह अब छोटे पर्दे और म्यूजिक वीडियो के बाद डिजिटल स्पेस में अपनी जगह बनाने जा रही हैं। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, निमृत अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी चुनिंदा हैं। पंजाबी फिल्म से डेब्यू करने के बाद वह कुछ समय से ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रही थीं जो कहानी और किरदार दोनों के लिहाज से मजबूत हो। सूत्र ने आगे बताया कि निमृत को ऐसा कुछ करना था जिससे वह अलग-अलग तरह के किरदार निभाने की क्षमता दर्शा सकें। इसीलिए उन्होंने एक ऐसी वेब सीरीज चुनी है जो पूरी तरह अभिनय पर आधारित है। सूत्र ने जानकारी दी कि अभिनेत्री ने इस वेब सीरीज की शूटिंग पिछले महीने मुंबई में शुरू कर दी थी, जो अभी भी जारी है। मेकर्स ने कहानी और उनके रोल को लेकर पूरी गोपनीयता बनाए रखी है, लेकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि कहानी निमृत के किरदार के इर्द-गिर्द घूमेगी और उनके अभिनय की नई झलक पेश करेगी। बताया जा रहा है कि यह सीरीज रियल-लाइफ ड्रामा होगी, जिसमें रहस्य और सस्पेंस का भी तड़का होगा। मेकर्स का कहना है कि फिलहाल वह इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं करना चाहते, लेकिन यह वेब सीरीज निमृत की ओटीटी दुनिया में शानदार एंट्री साबित हो सकती है। उनके फैंस भी लंबे समय से उन्हें किसी नए रूप में देखने के लिए उत्साहित हैं, और यह सीरीज उनके करियर में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।



# नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहीं हैं तान्या मानिकतला

भारत की नई पीढ़ी के कलाकारों में तेजी से पहचान बना रही अभिनेत्री तान्या मानिकतला अब जल्द ही अभिनेता राजकुमार राव के साथ एक नई फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बन रही है। इस फिल्म में तान्या युवा भारतीयों की आवाज बनेंगी। उनका किरदार फिल्म की कहानी के लिए बेहद अहम होगा। फिल्म की कहानी भारत की शिक्षा व्यवस्था की सच्चाइयों पर आधारित है। फिल्म उस दुनिया को सामने लाने की कोशिश करती है जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। वह दुनिया, जहां छात्र और शिक्षक, दोनों ही एक कठिन और प्रतिस्पर्धी सिस्टम के दबाव में जीते हैं। यह कहानी न केवल सामाजिक रूप से प्रासंगिक है, बल्कि हर उस परिवार से जुड़ती है जो बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहता है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि यह प्रोजेक्ट सभी कलाकारों और निर्माताओं के लिए बेहद व्यक्तिगत और भावनात्मक है। निर्देशक आदित्य ने इस विषय को बड़ी गहराई और संवेदनशीलता से संभाला है। राजकुमार राव और तान्या मानिकतला का किरदार दर्शकों के दिल को छू लेगा। सूत्र के मुताबिक, तान्या का किरदार इस फिल्म का अहम हिस्सा है, क्योंकि यह उन युवा भारतीयों की आवाज है जो आज के दौर में शिक्षा, करियर और समाज की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्देशन के साथ-साथ फिल्म का लेखन भी आदित्य निंबालकर ने किया है। कहानी में भारत के शिक्षा जगत की उन गहराइयों को दिखाया गया है, जहां छात्रों पर पढ़ाई और परीक्षा का भारी दबाव होता है, वहीं शिक्षकों को भी सिस्टम की सीमाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिल्म शिक्षा व्यवस्था के भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं पर रोशनी डालती है। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक ऐसा आईना है जो समाज को अपने भीतर झांकने पर मजबूर करेगा। तान्या के पास इस वक्त कई दिलचस्प प्रोजेक्ट हैं। वह जल्द ही अपनी नई वेब सीरीज पान पर्दा जर्दा में भी नजर आएंगी। यह सीरीज अपराध और राजनीति की उस दुनिया में ले जाती है, जहां अफीम तस्करी का कारोबार चल रहा है। शो में उनके साथ प्रियांशु पैन्युली, सुशांत सिंह, राजेश तैलंग और मनु ऋषि जैसे कलाकार हैं। कहानी मध्य भारत की पृष्ठभूमि में सेट है और इसमें एक्शन, ड्रामा और रहस्य का दिलचस्प मिश्रण देखने को मिलेगा। तान्या ने 2018 में स्कूल डेज से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। 2020 में उन्होंने ईशान खट्टर के साथ ए सूटेबल बॉय में लता मेहरा का किरदार निभाया, जो उनके करियर का एक अहम मोड़ साबित हुआ। 2021 में, वह नेटफ्लिक्स की फील्स लाइक इश्क में स्कंद ठाकुर के साथ नजर आईं। वह नेटफ्लिक्स की हाउ टू फॉल इन लव में आयुष मेहरा के साथ भी दिखी थीं। 2024 में उन्होंने फिल्म किल में तूलिका का किरदार निभाया था।



# जारी हुआ ऑपरेशन सफेद सागर का पहला लुक, एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज ऑपरेशन सफेद सागर का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सफेद सागर का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज। ऑपरेशन सफेद सागर के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं। इसके बाद लड़ाकू जहाजों से पाकिस्तान से मुकाबला करते हैं। सीरीज के पहले लुक को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है रविवार को शुरू करने का बहुत बढ़िया तरीका। एक और यूजर ने लिखा है बहुत अच्छी कास्ट है। एक और यूजर ने लिखा है स्क्रीन प्रदर्शन बहुत अच्छा है।

### ऑपरेशन सफेद सागर के बारे में

सीरीज ऑपरेशन सफेद सागर में कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना के योगदान को दिखाया गया है। ओनी सेन सीरीज के निर्देशक हैं। इसके निर्माता अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव हैं। सीरीज में सिद्धार्थ और जिमी शेरगिल के अलावा अभय वर्मा, मिहिर आहूजा, तारुक रैना और अर्नव भसीन मुख्य भूमिकाओं में हैं। सीरीज 2026 में नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी।

# वेट इश्यूज को लेकर अशनूर कौर ने साझा की परेशानी



काफी दिनों से बिग बॉस 19 में अशनूर कौर को बॉडी शेम किया जा रहा था, उनके वजन को लेकर बातें बनाई गईं। इस बात का खुलासा सलमान खान ने वीकएंड का वार एपिसोड में किया कि बाकी लोग अशनूर के बारे में क्या कहते हैं। इसके बाद अशनूर ने अपनी परेशानियों को शाहरुख खान के साथ शेयर किया। अशनूर ने कहा, 'जब मैं शूटिंग सेट पर जाने लगी तो काफी वेट बढ़ गया था। टीनएज से वेट को कम करने के लिए मैंने कई चीजें कीं। एक वक्त ऐसा भी था, जब मैं खाना नहीं खाती थी, मैं भूखी रहती थी। 'बिग बॉस 19' में आने से पहले मैंने 9 किलो वजन कम किया था। लेकिन यहां आने के बाद फिर से मेरा वेट बढ़ गया। तब भी टेंशन का माहौल होता है तो कुछ लोगों का वजन बढ़ जाता है। मेरा भी वजन बढ़ जाता है।'

### सलमान खान ने किया सपोर्ट



अशनूर कौर की परेशानी सुनकर सलमान खान ने उनका सपोर्ट किया और वह बोले- मेरा भी वजन बढ़ जाता था। अशनूर ने आगे बताया, 'जब मैं 14 साल की थी, तब से एक्टिंग कर रही हूं। तब से मैंने जंक फूड को हाथ भी नहीं लगाया। यहां हर कोई जानता है कि मेरा खाना कैसा है। सब मुझे थोड़ा खाने के लिए कहते हैं, लेकिन मैं नहीं खाती। हर किसी की बॉडी, वेट अलग होता है। लेकिन लोग यहां पीठ पीछे शर्मिंदा करते हैं।'



# शोरा खुद ही डिसाइड करती है, मेरी जरा भी नहीं सुनती

नवाजुद्दीन सिद्दीकी हाल ही में थामा में एक ऐसे किरदार में दिखे जो उनके अब तक के रोल से काफी अलग रहा है। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में उन्होंने फिल्मों में अपने रोल, अपनी स्ट्रगल के साथ-साथ अपनी बेटी शोरा को लेकर बातें की हैं। उन्होंने बताया कि शोरा को ये समझाने की उन्होंने बहुत कोशिश की कि वो किसी और फील्ड में जाएं लेकिन उन्होंने एक्टिंग को चुन लिया है।

किरदारों को हीरो मानने वाले मंजे हुए अदाकार नवाजुद्दीन सिद्दीकी की संघर्ष यात्रा जितनी यूनीक रही है, उतना ही अद्भुत उनका भूमिकाओं का ग्राफ रहा है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म थामा को लेकर, जो बॉक्स ऑफिस पर सौ करोड़ पार कर चुकी है।

**आपने लंबे समय तक छोटे -छोटे रोल्स किए, क्या कभी ये डर लगता था कि कहीं साइड एक्टर बन कर न रह जाऊं?**

सच कहूं, तो मैं जब इस इंडस्ट्री में आया था, तो ये सोच कर नहीं आया था कि मुझे यहां बड़ा एक्टर बनना है। मुझे अभिनय करना था, चाहे मैं थिएटर में करूं या स्ट्रीट प्ले करूं। मैं सोचता हूं कि अगर मुझे काम मिलना बंद हो गया, तो मैं एक थिएटर रूम बना लूंगा, बहुत मुमकिन है, आपके घर के आगे भी मैं शो करके आ जाऊं। मैं बस एक्टिंग कर लूं, इसके अलावा मैंने कुछ सोचा नहीं था। ये जितना कुछ मुझे मिला, वो मेरे लिए एक बोनस की तरह है और उसके लिए मैं ऊपरवाले और सभी का थैंक्यू सो मच कहना चाहूंगा।

**आप खुश हैं कि आपकी बेटी आपकी फिल्म थामा देख पाई, वरना आपका कहना था कि आपके इंटेंस रोल्स के कारण आपका परिवार आपकी फिल्म नहीं देखा पाता था?**

मेरा ट्रैक रिकॉर्ड काफी डार्क रहा है। ये बहुत खुशी की बात है कि मेरे बच्चों ने फाइनली मेरी फिल्म देखी। शोरा (उनकी बेटी) को पसंद आई। उसे मेरा काम बहुत पसंद आया, वैंपायर की थीम अच्छी लगी। वैसे उसे कोस्टावो में भी मेरी भूमिका अच्छी लगी थी।

**आपकी बेटी शोरा कमाल का स्क्रीन प्रेजेंस रखती हैं, आपने उनके लिए क्या सोचा है?**

उसके (शोरा) बारे में मैं क्या सोचूं? वो खुद ही डिसाइड कर रही है। बाप को कौन पूछता है, आज की तारीख में? भाई, मैंने उसको अपनी चीजें थोपने की कोशिश की, मगर उसने ली नहीं। मैंने सोचा था कि वो किसी और क्षेत्र में जाए, लिए अभिनय को चुन लिया है। वो मेरी जरा सी भी सुनती नहीं।

**आप एक नैशनल अवॉर्ड विनर अभिनेता हैं, पुरस्कारों को कैसे देखते हैं?**

मुझे लगता है कि आपको अपने प्रोसेस से प्यार होना चाहिए। जहां तक अवॉर्ड की बात है, तो वो एक शाम होती है, जब आपको अवॉर्ड मिलता है। वो बहुत अच्छी गुजरती है, उसके बाद आपको अपनी औकात पर आना पड़ता है। आपको अगले दिन शूटिंग पर जाना पड़ता है और जीरो से शुरू करना पड़ता है।

**एक समय था जब हॉरर जॉर्नर को प्रतिष्ठा की निगाह से नहीं देखा जाता था, मगर अब हॉरर-कॉमिडी के रूप में हॉरर री-डिफाइन हुआ?**

पहले हॉरर के साथ थोड़ा सौतेला व्यवहार किया जाता था, लेकिन आज के समय में अच्छे-से-अच्छे एक्टर भी इस जॉनर में काम करना चाहते हैं क्योंकि ये बहुत इंटरेस्टिंग है। पहले सिर्फ डराने पर फोकस होता था, लेकिन अब इसमें कॉमेडी, रोमांस, और ड्रामा भी है। हमारी फिल्म भी एक ऐसी फिल्म है। हॉरर में पहले सिर्फ डर का इमोशन होता था, लेकिन थामा देखने के बाद मुझे लगा कि एक एक्टर के लिए इसमें एक्सप्लोर करने के बहुत मौके हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in